

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 12 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-283 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### कांग्रेस ने गौ तस्करी के एक आरोपी को बताया भाजपाई

**रायपुर,12 जनवरी।** राजधानी रायपुर में हुए गौ तस्करी और गौ मांस की बिक्री मामले में आक्रोश थमा नहीं था कि अब कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट ने राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है. दरअसल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने गौ तस्करी मामले को लेकर एक्स पर तस्वीरों के साथ पोस्ट किया. जिसमें एक आरोपी को कांग्रेस ने भाजपाई बताया है.X पर जारी पोस्ट में कांग्रेस ने आरोपी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि ÷लो भाई, राजधानी में हुऐ गौ तस्करी काण्ड का आरोपी निकला भाजपाई. प्रफुल्ल विश्वकर्मा (पूर्व सभापति नगर निगम रायपुर और राजेश मूढ़त के मुख्य सिपहसालार) के खास समर्थक मोहम्मद मुन्तजिर हैदर ही बेंच रहे थे गौमांस. बता दें प्रफुल्ल विश्वकर्मा रायपुर नगर निगम के पूर्व सभा पति है. निकाय चुनाव 2025 में बीजेपी की प्रदेश टीम में उन्हें नगरीय निकाय प्रदोष प्रभारी बनाया गया है.

### भाजपा सरकार ने माफिया को संरक्षण दिया : संजय राउत

**मुंबई ,12 जनवरी।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीड और परभणी जिलों में जो घटनाएं हुईं, वे चौंकाने वाली हैं। राउत ने कहा कि भाजपा शासन में छोटे अपराधियों को फंसा दिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी को बचा लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने माफिया को संरक्षण दिया है और इसके पीछे उनके पार्टी के सदस्य वाल्मिकी कराड जैसे लोग हैं। राउत ने कहा कि यह स्थिति एक प्रकार के माफिया राज जैसी हो रही है, जैसे शिकागो में हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के परिवारों के साथ धोखा हुआ और जिनके परिजन मारे गए, वे धीरे-धीरे सामने आकर अपनी बात रखेंगे। राउत ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें सभी को सुरक्षा देनी चाहिए, बजाय इसके कि वे मुख्य आरोपी को बचाने की कोशिश करें। इसके साथ ही राउत ने स्पष्ट किया कि उन्होंने या शिवसेना के किसी भी नेता ने यह नहीं कहा कि इंडिया गठबंधन या महाविकास अघाड़ी टूट गई है।

### नितिन गडकरी और कंगना रनौत ने खासदार क्रीड़ा महोत्सव का उद्घाटन किया

**नागपुर ,12 जनवरी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा नेता कंगना रनौत ने महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी ने प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि हमने इस साल सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मुझे खुशी है कि यह आयोजन सातवें साल हो रहा है। हम सभी को इस खेल महोत्सव का आनंद लेना चाहिए।

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 में सुबह-सुबह हिस्सा लेने के लिए नागपुर के लोगों की प्रशंसा की और उनके उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा, लोग सुबह-सुबह यहां आए हैं, इससे साबित होता है कि नागपुर एक उत्साही शहर है, लोग उत्साह से भरे हुए हैं।

# छत्तीसगढ़ बनेगा ऊर्जा और औद्योगिक हब

**अडानी समूह 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का करेगा निवेश, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर अडानी समूह के चेयरमैन ने किया बड़ा ऐलान**

**रायपुर,12 जनवरी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मशहूर उद्योगपति गौतम अडानी ने सौजन्य भेंट की. इस दौरान अडानी ने छत्तीसगढ़ में ऊर्जा और सीमेंट के क्षेत्र में 65 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि निवेश किए जाने की घोषणा की. अडानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में अडानी समूह अपने पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगा. इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता में 6,120 मेगावाट की अतिरिक्त बढ़ोत्तरी होगी.



चेयरमैन अडानी ने आगे बताया कि अडानी समूह राज्य में सीमेंट प्लांट्स के विकास और विस्तार के लिए भी 5,000 करोड़ का निवेश करेगा. यह कदम राज्य के औद्योगिक विकास को मजबूती देगा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा. मुख्यमंत्री साय को अडानी ने बताया कि अडानी फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अगले चार वर्षों में 10 हजार करोड़ का निवेश किया जाएगा. यह पहल राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अडानी समूह के इस पहल की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक बड़ा कदम बताया. उन्होंने राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया. उन्होंने कहा कि यह निवेश न केवल छत्तीसगढ़ की आर्थिक और औद्योगिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि इसे देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा.

# बीजापुर के घने जंगलों में मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

**बीजापुर,12 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्र के बंदे पारा व कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में रविवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। एएसपी मयंक गुर्जर ने बताया कि बंदेपारा- कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों को रवाना किया गया था। सर्चिंग अभियान के दौरान सुबह घने जंगलों में नक्सलियों ने पुलिस को देख फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की है। अब तक तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इनकी संख्या बढ़ सकती है। हालांकि पुलिस ने पुष्टि नहीं की है।

नक्सली जंगलों की आड़ से फायरिंग कर रहे हैं। रुक-रुककर मुठभेड़ जारी है। सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की गई। एएसपी मयंक गुर्जर ने बताया कि मुठभेड़ के संबंध में विस्तृत जानकारी पार्टी के लौटने पर दी जाएगी।

**सुरक्षा बल से डरकर आठ लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण**-इससे पहले बीजापुर में सुरक्षा बल के अभियान से डरकर आठ लाख रुपये के इनामी डिविजनल कमेटी सदस्य नक्सली 62 वर्षीय माचा सोमैया ने शनिवार को तेलंगाना पुलिस के सामने समर्पण कर दिया। वह तेलंगाना के भूपालपल्ली मंडल के पंबापुर गांव का रहने वाला है। आत्मसमर्पित नक्सली माचा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के दर्जनों कैंप लगातार नक्सल क्षेत्रों में खुलने से संगठन का प्रभाव कम हुआ है। साथ ही सुरक्षा बल की ओर से वर्ष 2024 में 200 से अधिक नक्सलियों को मुठभेड़ में मारा गया है। इसमें कई बड़े नक्सली नेता मारे गए हैं। वह अब बूढ़ा और बीमार भी रहने लगा था, इसलिए शीर्ष नक्सल संगठन से पूछकर उसने आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया है। माचा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के अभियान और साथ ही विकास कार्यों से नक्सलियों का जनाधार भी घटा है। कई बड़े नक्सली अब आत्मसमपर्ण करने का विचार बना रहे हैं।

### मिक्सर मशीन चोर गिरफ्तार

**भिलाई,12 जनवरी।** निर्माणाधीन मकानों से लोहे की सेंटरिंग प्लेट और सीमेंट, रेत व कांक्रीट मिलाने वाले मिक्सर मशीन को चुराने वाले एक गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों ने बीते छह महीने के भीतर नेवई, पद्मनाभपुर, भिलाई नगर और पुलगांव थाना क्षेत्र में चोरियां की थीं आरोपितों से चोरी के कुल 295 लोहे की सेंटरिंग प्लेट, चार मिक्सर मशीन और घटना में प्रयुक्त एक ई- रिक्शा को जब्त किया गया है जिनकी कुल कीमत पांच लाख 70 हजार रुपये आकी गई है पुलिस ने पांचों आरोपितों के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेजा गया है दुर्ग एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि इस गिरोह में शामिल आरोपित डिपरा पारा दुर्ग निवासी 32 वर्षीय प्रकाश गुप्ता उर्फ छोटू, दामाद पारा उरला निवासी 19 वर्षीय चेतन यादव, मठपारा दुर्ग निवासी 28 वर्षीय टीकम शर्मा, इंदिरा नगर बघेरा दुर्ग निवासी 27 वर्षीय शंकर साहू और मठपारा दुर्ग निवासी 24 वर्षीय भरत सार्वा को गिरफ्तार किया गया है

# प्रयागराज में वाहन दुर्घटनाग्रस्त विधायक इन्द्र साव सकुशल



**भाटापारा,12 जनवरी।** भाटापारा विधायक इन्द्र साव का वाहन प्रयागराज के सोनभद्र के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया इस दुर्घटना मे विधायक इन्द्रसाव को मामूली चोट आयी है वही उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी इस हादसे मे घायल हो गये जिनका उपचार हास्पिटल मे चल रहा है।विधायक साव अपने पत्नी व बच्चों के साथ प्रयागराज जा रहे थे इस दौरान उनके वाहन के साथ सुबह 8 बजे सामने से आ रहे अन्य वाहन के साथ आमने सामने भिडंत हो गया जिससे उनका वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया दुर्घटना मे विधायक साव बालबाल बच गये उन्हे मामूली चोटें आयी है जबकि वाहन मे सवार चालक,पीएसओ, व उनके परिवार सदस्य पत्नी व बच्चो को चोटे आयी है जिनका उपचार अस्पताल मे किया जा रहा है ।घटना की जानकारी जैसे शहर मे पहुंची लोगो मे हडकंप मच गया और विधायक का कुशल क्षेम जानने एक दूसरे से जानकारी लेने लगे।

# डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर होंगे शामिल

**नई दिल्ली,12जनवरी।** विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि ट्रम्प-वैन्स उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। उनके शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करने वाले हैं। विदेश मंत्रालय ने रविवार को इस बात की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि ट्रम्प-वैन्स उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।



बयान में आगे कहा गया है, %वाशिंगटन यात्रा के दौरान विदेश मंत्री (जयशंकर) अमेरिका के भावी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ ही शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठकें करेंगे।


# कोलकाता रेप-मर्डर केस, बॉडी पर मिला 4 लोगों का डीएनए

**कोलकाता,12 जनवरी।** 9 अगस्त, 2024 को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 31 साल की ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर का केस फिर उलझ गया है। पुलिस ने इस केस में संजय रॉय नाम के शख्स को अरेस्ट किया था। संजय ने पुलिस के सामने डॉक्टर से रेप और मर्डर की बात कबूल की थी। 18 जनवरी को संजय रॉय को सजा सुनाई जा सकती है। 5 महीने बीत गए, लेकिन कई सवाल अब भी बाकी है। अब CFSL की रिपोर्ट से पता चल रहा है कि ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी पर कई लोगों का DNA मिला है। इनमें एक महिला भी हो सकती है। CBI पहले कह चुकी- ट्रेनी डॉक्टर से गैंगरेप नहीं हुआ CBI इस मामले की जांच कर रही है। उसने भी कोर्ट में एक से ज्यादा लोगों के DNA मिलने की बात मानी है। CBI पहले कह चुकी है कि ट्रेनी डॉक्टर से गैंगरेप नहीं हुआ। उसने 7 अक्टूबर, 2024 को हाईकोर्ट में दायर चार्जशीट में संजय को इकलौता आरोपी बताया था। संजय कोलकाता पुलिस के साथ बतौर सिविक वॉलंटियर काम कर रहा था। ट्रेनी डॉक्टर के मर्डर के आरोपी संजय को गिरफ्तारी के बाद पहली बार 10 अगस्त को सियालदह कोर्ट में पेश किया गया था। ट्रेनी डॉक्टर के मर्डर के आरोपी संजय को गिरफ्तारी के बाद पहली बार 10 अगस्त को सियालदह कोर्ट में पेश किया गया था। CBI घटना के पीछे की मंशा की जांच भी कर रही है।

# स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित हों युवा : रमेन डेका

**रायपुर**

राष्ट्रीय युवा दिवस पर नई दिल्ली के रामकृष्ण मिशन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों से सीखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और कार्यों से भारतीय युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के विचारों को साझा करते हुए उन्होंने कहा, आज के युवा आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं। स्वामीजी ने कहा था, दुनिया को चरित्र की आवश्यकता है। वह चरित्र जो प्रेम और निःस्वार्थता से परिपूर्ण




हो। ऐसा प्रेम हर शब्द को बिजली की तरह प्रभावी बना देता है। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद द्वारा युवाओं के लिए दिए गए आह्वान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था, ÷एक लाख पुरुष और महिलाएँ, जो पवित्रता, साहस और सेवा की भावना से परिपूर्ण हों, देश के कोने-कोने में जाकर समाजोन्नति और समानता का संदेश फैलाएँ। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की भी चर्चा की, जिसने पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की शक्ति का एहसास कराया। डेका ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, ÷भारत एक युवा राष्ट्र है और इसे सही दिशा में ले जाने के लिए युवाओं की ऊर्जा को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित करना आवश्यक है। उनकी शिक्षाएँ हमें न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए प्रेरित करती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी का बोध भी कराती हैं। कार्यक्रम में भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि, सांसद बांसुरी स्वराज, भारतीय खाद्य निगम के महानिदेशक आशुतोष अग्निहोत्री, रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली के सचिव स्वामी सर्वलोकानंद भी उपस्थित रहे।

# आप को चुनाव लड़ने के लिए चाहिए चंदा

**नई दिल्ली,12 जनवरी।** अगले महीने होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री आतिशी ने जनता से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने जनता से उनके लिए क्राउड फंडिंग के जरिए डोनेशन देने की अपील की है। इसके लिए आतिशी और आम आदमी पार्टी ने एक लिंक भी जारी किया है। इस लिंक पर जाकर दिल्ली की जनता आतिशी को 100, 1000 या फिर इससे ज्यादा रुपए का डोनेशन देकर चुनाव लड़ने में मदद कर सकती है। रविवार को आतिशी ने दिल्ली की जनता से उनके लिए क्राउड फंडिंग करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री ईमानदारी से काम करते हैं। हमने पिछली बार भी देश और दिल्ली की जनता से मदद मांगकर चुनाव लड़ा था और इस बार भी हम जनता के समर्थन और मदद से चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली की सीएम ने कहा कि मैं चुनाव लड़ने के लिए भरपूर फंडिंग चाहती हूं। मुझे चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये की जरूरत है और मैं लोगों से अपील करती हूं कि वह हमें 100 से लेकर 1000 रुपये तक कोई भी राशि दे सकते हैं जो हमें चुनाव लड़ने में मदद करेगी। एक सीएम एक लिए इतनी छोटी रकम गलत तरीके से जुटाना कोई बड़ी बात नहीं है। अगर हम इसे गलत तरीकों से इकट्ठा करेंगे तो इसमें एक दिन भी नहीं लगेगा, लेकिन अगर भ्रष्ट आचरण से पैसा ले लिया जाए तो वही बुनियादी ढांचा ढह जाएगा। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आतिशी ने जनता से कहा, पिछले 5 सालों में, आप विधायक, मंत्री और अब दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में मेरे साथ खड़े रहे हैं। आपके आशीर्वाद और समर्थन के बिना यह सब संभव नहीं हो पाता। एक युवा, शिक्षित महिला के रूप में, आपके विश्वास और दान ने मुझे राजनीति में करियर की कल्पना करने में सक्षम बनाया है - एक ऐसा रास्ता जिस पर मैं अकेले नहीं चल सकती थी। अब, जब हम एक और चुनाव अभियान का सामना कर रहे हैं, मुझे एक बार फिर आपके समर्थन की आवश्यकता है। कृपया मेरे क्राउडफंडिंग अभियान में योगदान दें। 70 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 5 फरवरी को मतदान होगा, जबकि 8 फरवरी को नतीजे आएंगे। सत्तारूढ़ AAP ने 2015 और 2020 के चुनावों में क्रमशः 67 और 62 सीटों के साथ जीत हासिल की और राजधानी में हैट्रिक बनाने का लक्ष्य रखा है।

# स्वामी विवेकानंद युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं : पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली ,12 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं। वह युवा दिमाग में जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को उजागर करने के लिए एक वीडियो क्लिप भी शेयर की। उन्होंने कहा कि यह भारत की युवा शक्ति का दिन है, जो उस महान व्यक्ति को समर्पित है, जिसने ब्रिटिश राज के दौरान भारत को नई ऊर्जा से भर दिया था। पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद भी कहते थे कि भारत की



आकांक्षाएं युवाओं के चरित्र और उनकी प्रतिबद्धता तथा बौद्धिकता पर निर्भर हैं। स्वामी विवेकानंद का मार्गदर्शन भारत के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।वीडियो में पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद के दो संदेश हर भारतीय युवा का हिस्सा होने चाहिए- संस्था और नवाचार। संस्था तब बनती है जब हम अपने विचारों का विस्तार करते हैं और टीम भावना के साथ काम करते हैं। प्रत्येक युवा को अपनी व्यक्तिगत सफलता को टीम की सफलता में बदलना चाहिए। यह टीम भावना भारत को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे ले जाएगी। स्वामी विवेकानंद की आज (12 जनवरी) जयंती है। राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह दिन युवा पीढ़ी को उनके व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ सामाजिक प्रगति के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। विकसित भारत युवा नेता संवाद का उद्देश्य पारंपरिक तरीके से राष्ट्रीय युवा महोत्सव आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है। यह पीएम मोदी के स्वतंत्रता दिवस के आह्वान के अनुरूप है, जिसमें एक लाख युवाओं को बिना किसी राजनीतिक संबद्धता के राजनीति में शामिल करने और उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचारों को वास्तविकता बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का आह्वान किया गया है।

**विश्व की पहली महिला हाकी लीग की शुरुआत हुई, 12 से 26 जनवरी तक रांची में खेला जायेगा**

jasclaudius@gmail.com

# सबकी सहभागिता से हाकी की होगी जय

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

ब्रिटिशकालीन भारत में ब्रिटेन के सैनिकों द्वारा स्टिक व गेंद के माध्यम से खेले जाने वाले हाकी खेल को 1850 के आसपास भारत में लाया गया। वैसे फील्ड हाकी को करीब 3000 वर्ष पूर्व का खेल माना जाता है, जो कि प्राचीन मिस्र, यूनान और चीन में खेला जाना था। भारत में हाकी की शुरुआत 1855 से मानी जाती है जबकि कोलकाता में पहली हाकी क्लब का स्थापना हुई। भारत में हाकी का पहला टूर्नामेंट बेटन कप के नाम से हुआ। जो कि कोलकाता क्लब में 1885 में प्रारंभ हुआ। आगे चलकर हाकी का खेल भारत का खेल हो गया। 1928 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भारत ने भाग लेना शुरू किया और तब से लेकर 2008 के बीजिंग ओलंपिक को छोड़ दिया जाए तो पुरुष हाकी टीम ने भाग लिया। 1928 से 1956 तक भारत ने लगातार छः बार स्वर्ण पदक जीता फिर 1964 व 1980 में ओलंपिक खेलों का स्वर्ण जीतने में सफल रहे। 1976 के मांट्रियाल ओलंपिक में पहली बार ऐसा अवसर आया कि भारतीय पुरुष हाकी टीम को 1928 से लगातार भाग लेने के बाद कोई पदक प्राप्त नहीं मिला दूसरी तरफ महिला हाकी टीम ने 1980 में पहली बार ओलंपिक खेलों में भाग लिया फिर 2016 और 2024 में मौका मिला परंतु पदक जीतने में सफल नहीं हुई। 1980 के पश्चात भारतीय हाकी में जो गिरावट आई उसकी प्रमुख वजह हाकी खेले जाने वाले प्राकृतिक सतह को कृत्रित सतह में बदलना तथा इस कलात्मक खेल के नियमों को यूरोप या विदेशों में खेले जाने वाले देशों के खिलाड़ियों के अनुरूप कर दिया जाना है। इसके अलावा क्रिकेट खिलाड़ियों का प्रदर्शन तथा टेलीविजन से क्रिकेट मैच का सीधा प्रसारण व विभिन्न मीडिया के खेल पन्नों या स्पाट में क्रिकेट को प्राथमिकता देना है।

भारत में 2008 से आरंभ हुए क्रिकेट की इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता को देखते हुए हमारे देश के विभिन्न खेल संगठनों ने अपने-अपने स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय लीग टूर्नामेंट का आयोजन आरंभ किया। इसमें फुटबाल, टेबल टेनिस, व्हालीबाल, टेनिस, हाकी, बैडमिंटन आदि के लीग शुरू हुए लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। भारत में हाकी को आज भी फिर से स्थापित करने की कोशिश जारी है इसके लिए पुरुषों की हाकी इंडिया लीग की शुरुआत 2013 में हुई लेकिन 2017 में यह बंद होगई फिर अब 2024-25 में इसकी शुरुवात हो रही है। दूसरी तरफ भारत में हाकी की तरह महिलाओं का लगाव बढ़ा है तो विश्व में पहली बार 2025 के 12 जनवरी से रांची में महिला हाकी लीग की शुरुवात हो रही है। भारतीय हाकी के कर्णधारों के द्वारा यह बहुत ही अच्छा प्रयास है। हमारे देश में न तो प्रतिभाशाली महिला खिलाडियों की कमी है ना कि भारत के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छा रखने वाली महिलाओं की। इस लीग में विश्व से चुनी हुई महिला खिलाड़ियों की चार टीम बनाई गई है। सभी टीम को एक दूसरे से राउंड राबिन आधार पर दो बार होगा फिर प्रथम दो स्थान पर आने वाली टीम के बीच फायनल मुकाबला होगा। इस तरह के लीग को हमारे देश के प्रिंट, सोशल,




इलेक्ट्रानिक मीडिया में भरपूर स्थान दिया जाना चाहिए साथ ही शालाओं में छुट्टी के दिनों विद्यार्थियों को मैच दिखाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। उपरोक्त चारों टीम में शामिल देश-विदेश की महिलाओं को लाखों रुपये देकर फ्रेंचायसी ने खरीदा है। इससे विशेषकर भारत के खिलाड़ियों का जीवन स्तर उपर उठेगा। विदेशी खिलाड़ियों के खेल की तकनीक व मैच जीतने की रणनीति का पता चलेगा।

## एक नजर

### गाय को मारने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 12 जनवरी।** भिलाई गर्भवती गाय को बेहरमी से मारने व लोगों से गाली गलौज करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि बाम्बे आवास घासीदास नगर जामुल निवासी अमन कुमार दुबे ने 15 दिसंबर को शिकायत किया कि अवधेश उपाध्याय, अरविंद उपाध्याय उर्फ मोनू, कमलेश उपाध्याय उर्फ सोनू , प्रमोद उपाध्याय उर्फ छोटू ने गर्भवती गाय की ईंट पत्थर से मारा है ऐसा करने से युवकों को कई बार रोका लेकिन युवकों ने उल्टा पीड़ित के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी गाय उस समय उसके घर पर बंधी थी उसको ईंट-पत्थर के हमले से गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई पुलिस की जांच में मामला सही पाए जाने पर अवधेश उपाध्याय, कमलेश उपाध्याय उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया है दोनों आरोपियों ने अपना घटना को करना स्वीकार किया घटने में दो आरोपी अब भी फरार हैं।

### नाबालिग से अनाचार, युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 12 जनवरी।** भिलाई नाबालिग को भगाकर ले गया और उसके साथ अनाचार करने वाले युवकों को पुलिस ने मुंगेली से गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 363, 366, 376 भादंवि 4, 6 पास्को एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है छावनी सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि आरोपी ग्राम बुधवारा बंधापारा लोरमी जिला मुंगेली निवासी सुनील बंजारे ने मुडपार जामुल से नाबालिग को अपने साथ भगाकर ले गया था पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है परिजनों ने 27 मई 2024 को जामुल पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया था परिजनों ने नाबालिक बेटी को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाना बताया था। पुलिस ने शिकायत के बाद आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत लापता नाबालिग बालक व बालिकाओं के पता तलाश में जुटी रही। इस दौरान पुलिस को पता चला कि ग्राम मुड़पार की नाबालिग को आरोपी सुनील बंजारे मुंगेली में रखा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोरमी जिला मुंगेली पहुंचकर घेरबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पीड़ित से पूछताछ करने पर बताया कि आरोपी सुनील बंजारे ने शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगा कर ले गया था जहां उसने उसके साथ अनाचार किया आरोपी सुनील बंजारे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है रहा है ।

### सिपाही से मारपीट करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 12 जनवरी ।** भिलाई उतई में आयोजित मड़ई मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान दो आरोपितों ने काफी उपद्रव किया सांस्कृतिक कार्यक्रम को दोबारा शुरू करने की बात को लेकर उन्होंने आयोजकों से विवाद शुरू कर दिया मेले में शांति व्यवस्था के लिए तैनात उतई थाना के सिपाही दिलीप सिदार ने आरोपितों को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने सिपाही से मारपीट शुरू कर दी इसकी शिकायत पर उतई पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ शासकीय सेवक से मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्राथमिकी कर गिरफ्तार किया है उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि उतई में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है रात को दशहरा मैदान बैला पसरा बाजार चौक उतई में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित था कार्यक्रम शनिवार के भोर पांच बजे तक चला कार्यक्रम बंद होने के बाद आदर्श नगर उतई निवासी आरोपित 37 वर्षीय छन्नू गिरी गोस्वामी और वार्ड सात उतई निवासी 25 वर्षीय अमन देशलहरे मंच पर चढ़ गए और फिर से कार्यक्रम शुरू करने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे शांति व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात सिपाही दिलीप ने दोनों आरोपितों को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने सिपाही से ही मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है उतई दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल पशु तस्करी के मामले में एक आरोपित पहले भी जा चुका है जेल ।

### सेल स्थापना दिवस पर होने वाली दौड़ के लिए पंजीयन प्रारंभ

**भिलाई, 12 जनवरी।** भारत की इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड- सेल के स्थापना दिवस (24 जनवरी) को सेल की सभी इकाईयों में वृहद रूप से मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में 24 जनवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस तारतम्य में प्रातः 8 बजे से जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए 12 जनवरी से पंजीयन प्रारंभ हो रहा है। इस प्रतियोगिता हेतु, सेल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा तय मापदंड के आधार पर श्रेणियां निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के श्रेणी अ में कक्षा छठवीं तक के बच्चे, श्रेणी ब में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के बच्चे, श्रेणी स में बारहवीं से ऊपर 45 वर्ष तक के, श्रेणी द में 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा श्रेणी में भूतपूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) भाग ले सकते हैं।

## स्वच्छता भारत मिशन

# स्वच्छता दीदियों की मेहनत से बदल रही है तस्वीर,स्वच्छता सर्वेक्षण में साजा को नंबर बनाने का प्रयास किया जा रहा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**साजा, 12 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के ह्न नगरीय प्रशासन मंत्री के नेतृत्व व मार्गदर्शन में चल रहे स्वच्छता ,नगर पंचायत साजा में प्रत्येक दिवस स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर टू डोर कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है, घरों -घर जाकर घरों से निकलने वाले सुखा कचरा व गीला कचरा को अलग-अलग कर सोर्स सेग्रीगेशन के माध्यम से एसएलआरएम केंद्र लाया जाता है जिसे सूखे कचरे से पेपर प्लास्टिक टीना लोहा कागज बोतल इत्यादि को अलग-अलग कर रखा जाता है, व गीला कचरा को कंपोस्ट प्लांट में ले जाया जाता वहां गीले कचरे से खाद बनाया जाता है,स्वच्छता दीदी सुखे कचरे को बेचकर अपनी आय बढ़ा रही हैं।

नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा प्रत्येक दिवस नगर के साफ सफाई का निरीक्षण किया जा रहा है एवं संबंधित सफाई अधिकारियों व कर्मचारीयो को सफाई संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए, शहर के सभी सार्वजनिक सामूदायिक शौचालय व तालाबों, त1श्च पॉइंट,चौक चौराहा, साजा के नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति अधिक जागरूकता फैलाने के लिए, विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गय। जिससे आने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में साजा को नंबर वन बनाया जा सके एवं साजा के नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।



### कई महिलाएं लड़ेगी चुनाव गांवों में चर्चा शुरू



**कवर्धा, 12 जनवरी।** जिला पंचायत सदस्य 13 में कांग्रेस से चैतन्या रूपेंद्र वर्मा और बीजेपी में रागिनी साहू ओर जनपद सदस्य 13 में नीलू शर्मा चुनाव लड़ सकती है जिसकी चर्चा जोरो से हो रही है । श्रीमती सीमा अगम अनंत की भी चर्चा जिला पंचायत चार ओर जिला पंचायत तीन में हो रही है ।



### मुख्य नपाधिकारी ने बन रहे पीएम आवासों का निरीक्षण किया

**जामुल, 12 जनवरी।** नगर पालिका परिषद जामुल में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी को लेकर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णदेव साय एवम उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने नवीन पदस्थापना के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की प्रगति को ध्यान में रखकर स्थल निरिक्षण किया।सीएमओ ने निर्देश जारी किए कि किसी भी हितग्राही को कोई भी परेशानी न होने पाए ।साथ ही सारे प्रगतिशील आवासों को जल्द ही पूरा करवाने एवम किश्त की राशि अविलम्ब हितग्राहियों तक पहुँचाने हेतु फाइलों का निरीक्षण किया।स्थल निरीक्षण के दौरान निकाय के अभियंता श्री कृष्ण नारायण ताम्रकार एवम सीएलटीसी अंशुल मोराने उपस्थित थे।



### प्रिज्म स्कूल में विवेकानंद जंयती मनाई

**उतई, 12 जनवरी।** प्रिज्म स्कूल आफ एजुकेशन में बी.एड सेमेस्टर प्रथम एवं सेमेस्टर चतुर्थ के विद्यार्थियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर ख्याति साहू ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद को युवा शक्ति की प्रेरणा बताते हुए विद्यार्थियों को कहा कि आप भी भावी जीवन के युवा शक्ति है। प्राचार्या डॉ अंजना ने विवेकानंद के कथन मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं जिसने सभी धर्मों को शरण दी है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसे धर्म से हूं जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का ज्ञान दिया। हम विश्व के सभी धर्मों को बराबर सम्मान देते हैं। पर सुन्दर विचार प्रस्तुत किया।तत्पश्चात विद्यार्थियों ने महकाखुर्द ग्राम में ग्रामीण सर्वे में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ अध्यापक गण उपस्थित रहे।

### सरस्वती विहार के छात्रों ने उतई सेजस के छात्रों को 5 विकेट से हराया



**भिलाई, 12 जनवरी।** सरस्वती विहार अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल हाउसिंग बोर्ड के छात्रों ने जिला स्तरीय इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट (रूंगटा प्रीमियर लीग 3.0 ) मे भाग लिया और फाइनल में पहुंचे । फाइनल में उनका मुकाबला उतई सेजस के छात्रों से हुआ । टास जीतकर सरस्वती विहार के छात्रों ने पहले फील्डिंग को चुना। शुरू से ही सरस्वती विहार के छात्रों ने उतई टीम पर दबाव बनाए रखा और उतई टीम को 74 के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। सरस्वती विहार के बल्लेबाजों ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट से मैच अपने नाम किया। अभिषेक अवस्थी को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, साहिल यादव दो बार मैन ऑफ द मैच और आशीष पांडेय को फाइनल में मैन ऑफ द मैच चुना गया।टीम में अभिषेक अवस्थी कैप्टन आशीष पान्डे उप कैप्टन, कृष्णा यादव, प्रवीण विश्वकर्मा, रितेश साहू, अनिकेत चक्रवर्ती, शौर्य सिंह, गनेश कुप्पम, शेखर कुमार, साहिल यादव, विशाल प्रजापति, आदर्श शुक्ला शामिल थे।छात्रों का हौसला बढ़ाने के लिए मैदान में सचिव विजय चौधरी, प्राचार्य श्रीमती मिठू चंदा, उप प्राचार्य सुखविंदर कौर पूरे मैच के दौरान उपस्थित रहे।

# जिला कबीरधाम के ग्राम भालूचुवा में आधुनिक फायरिंग रेंज निर्माण का भूमिपूजन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा , 12 जनवरी।** जिला कबीरधाम के थाना भोरमदेव अंतर्गत ग्राम भालूचुवा में कबीरधाम पुलिस के लिए आधुनिक फायरिंग रेंज के निर्माण कार्य का भूमि पूजन आज दिनांक 11 जनवरी 2025 को विधिवत संपन्न हुआ। इस परियोजना का उद्देश्य जिले के पुलिस बल को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान कर उनकी दक्षता और कार्यकुशलता को सुदृढ़ बनाना है।

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में परिकल्पित इस परियोजना से पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के हथियारों के संचालन और फायरिंग कौशल में निपुणता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस फायरिंग रेंज में सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं ताकि अभ्यास के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। भूमि पूजन कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, भोरमदेव थाना प्रभारी अरविंद साहू और जिले के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा, ÷जिला कबीरधाम में यह फायरिंग रेंज हमारे पुलिस बल की क्षमता और तत्परता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। यह न केवल हमारे बल को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। इस आयोजन में स्थानीय ग्रामीणजनों ने भी भाग लिया, जिससे पुलिस और समाज के बीच मजबूत समन्वय और विश्वास का संदेश मिला। इस परियोजना का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर पुलिस बल के उपयोग के लिए समर्पित किया जाएगा। यह फायरिंग रेंज जिले के पुलिस बल को हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार करेगी।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई, 12 जनवरी।** टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इसके तहत टाउनशिप में 13 से 18 जनवरी के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 13 जनवरी को जेएलएन हॉस्पिटल, 14 जनवरी को सेक्टर-07 व 08 का आधा हिस्सा, 15 जनवरी को सेक्टर-5 व इंदिरा प्लेस, 16 जनवरी को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-02 का आधा हिस्सा व सेक्टर-1, 17 जनवरी को सेक्टर-07 का आधा हिस्सा, 32 बंगला तथा 18 जनवरी को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

**भिलाई-3।** नगर पालिक निगम भिलाई-03 चरोदा के वार्ड उमदा की निवासी ने अपने घर का सपना साकार होने की खुशी को बयान करते हुए बताया कि कच्चे मकान में परिवार के साथ रहती थी। भारत सरकार और राज्य शासन की अति कल्याणकारी योजना ने उन्हें पक्के मकान में जीवन यापन करने का अवसर प्रदान किया है।

# बीएसपी सेल शाबाश योजना के तहत सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी सम्मानित



भिलाई, 12 जनवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को उनके अभिनव प्रयासों के प्रोत्साहन के लिए 'सेल शाबाश' योजना के तहत सम्मानित किया गया। 11 जनवरी को मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित समारोह में सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को उनके कठिन और समर्पित कार्य के लिए मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और सम्मान प्राप्त सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके कार्यक्षेत्र में हासिल की गई विशेष उपलब्धियों और योगदान के लिए उनकी सराहना की। सत्पथी ने सभी कर्मचारियों को भविष्य में भी इसी जोश और उत्साह के साथ सुरक्षा प्रबंधन के लिए अपने कार्य को जारी रखने का आव्हान किया। सुरक्षा की संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करना समारोह का उद्देश्य था। इस योजना के तहत सहायक प्रबंधक सुमित कुमार को एसएमएस-2 मिक्सर की मरम्मत व निगरानी के लिए, साइट इंस्पेक्शन इंजीनियर ऑपरेटिव के आर साहू, आर के बंसल, सुरक्षा नियंत्रण कंट्रोल मैनिंग के लिए जितेंद्र जैन, मनोज जोशी और कुमार तथा एच सी गुप्ता, अब्दुल गफ्फार, डी वी रमन्ना राव को तथा सड़क सुरक्षा के लिए उमेश पांडे, रिकॉर्ड कीपिंग के लिए सुश्री विजयलक्ष्मी और सुश्री यामिनी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल, महाप्रबंधक एस के महतो भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय सहायक महाप्रबंधक शोवन घोष और मनोज देवांगन द्वारा किया गया।

# शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित,निगम उद्यान अधिकारी का सम्मान भी



**भिलाई, 12 जनवरी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 59 वीं पुण्यतिथि आज दि 11.जनवरी स्व बहादुर शास्त्री पार्क में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि रवि सिन्हा कार्यपालन यंत्री नगर निगम भिलाई थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति अजीत सिंह उपस्थित थे। अध्यक्षता नरेन्द्र श्रीवास्तव ने की । सर्वप्रथम शास्त्री जी की प्रतिमा पर अतिथियों के अतिरिक्त, श्रीमती रीना सिंह, टीटू अग्रवाल बीएल असाटी, देवब्रत देवांगन, डा ज्योति शर्मा,सुश्री दीक्षा केवलानी, घनश्याम अग्रवाल, श्रीमती ममता निबंलकर, एम व्ही एस कुमार, श्रीमती नसरीन, श्रीमती नमिता त्रिपाठी, किशोर गुप्ता, श्रीमती रेणु शर्मा, श्रीमती लीना चन्द्राकर, मंजू असाटी, श्रीमती निर्मला वासुदेवन, श्रीमती स्वाति केवलानी, गणेश तहेकर, श्रीमती मधु गोयल, श्रीमती कविता अग्रवाल श्रीमती निर्मला तहेकर आदि सदस्यों, शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। नरेन्द्र श्रीवास्तव ने विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन द्वारा लगभग पैंतीस लाख रुपए से शास्त्री पार्क के सौंदर्यीकरण कराने की घोषणा की, तथा पार्क का रखरखाव आगामी तीन वर्षों के लिए रोटरी क्लब द्वारा किया जाएगा । विधायक के प्रयास की नरेन्द्र श्रीवास्तव एवं सभी उपस्थित सदस्यों ने सराहना की । वरिष्ठ सदस्य आर के,सिंह ने शास्त्री जी के योगदान की चर्चा की । विवेक त्रिपाठी ने पेड़ लगाने की बात की उनके द्वारा लगाए गए पीपल एवं साइकस पेड़ को कटाई करने की निंदा की, योग प्रशिक्षक शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य और योग के महत्व की चर्चा की । मुख्य अतिथि रवि सिन्हा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में विभिन्न उदाहरण देकर शास्त्री जी की ईमानदारी, स्वावलम्बन, उनके अठारह महीने के कार्यकाल को सर्वश्रेष्ठ बताया । दृढ़ इच्छाशक्ति के अनेकों उदाहरण देकर लोगों को श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उपस्थित सदस्यों ने रवि सिन्हा के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की । पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु थिलेश्वर साहू, उद्यान अधिकारी, नगर निगम भिलाई को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन श्रीकान्त श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने किया। अजीत सिंह, शैलेन्द्र खण्डेलवाल, विनय चन्द्राकार का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

# राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा में भाग लेने गुवाहाटी पहुंची छग की टीम



**भिलाई, 12 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर बीच महिला हैंडबाल टीम सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु गुवाहाटी (असम) पहुंची, प्रतियोगिता के पहले दिन छत्तीसगढ़ ने बिहार को 40-14 गोलों से पराजित किया। असम हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन सरुसजई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गुवाहाटी, असम में 10 से 13 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिये छत्तीसगढ़ राज्य की 12 सदस्यीय (10 महिला खिलाड़ी, 01 प्रशिक्षक एवं 01 प्रबंधक) बीच महिला हैंडबाल टीम भाग ले रही है। प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर बीच महिला हैंडबाल टीम की घोषणा की गई-. कु. भाविका रामटेके (दुर्ग जिला), कु. कंचन (दुर्ग जिला), श्रीमती प्रिया (दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे, बिलासपुर), कु. काजल (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर), कु. मीनू (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर), कु. निक्की (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर), कु. गौरव (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर), कु. काजल (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर), कु. प्रीति साहू (रायपुर जिला), कु. प्रिया तिवारी (दुर्ग जिला), टीम की प्रशिक्षक श्रीमती अमिता मोहापात्रा (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर), श्रीमती शबनम फिरोज अंसारी (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर) है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**भिलाई, 12 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और सेक्टर-9 चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में 08 जनवरी को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम कोड़िया में निःषुल्क चिकित्सा षिविर का आयोजन किया गया। ग्राम कोड़िया में आयोजित चिकित्सा षिविर में कुल 96 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 50 पुरूष, 40 महिला तथा 6 बच्चे शामिल थे। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए षिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में सेक्टर-9 चिकित्सालय से डॉ रौनक दास, डॉ एम सरस्वती एवं सुदेश बाबर, फार्मासिस्ट सुषन जेकब व प्रभा सैमुअल, पंजीयनकर्ता शम्भू दयाल तथा विभाग की ओर से बुधेलाल उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के क्रम में 09 जनवरी को डुल्की माइन्स के समीपस्थ ग्राम कमकासुर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिससे ग्रामीण जन लाभान्वित हुए।

## एक नजर

### जितेन्द्र चंदाकर बैंक प्रबंधक ने भावेश रंजक को सहायता राशि प्रदान की



**राजनांदगांव 12 जनवरी।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा उच्च माध्यमिक विद्यालय छात्र भावेश रंजक ग्राम जंगलेसर मजदूर पुत्र हैं आर्थिक स्थिति घर कमजोर होने के कारण सुरगी बैंक प्रबंधक जितेन्द्र कुमार चंदाकर ने प्रबंधक संघ द्वारा 40 हजार राशि प्रदान कर नेपाल इंटरनेशनल क्रिकेट भारतीय टीम के साथ खेलने गया भावेश रंजक को जिला पंचायत सदस्य अंगेशवर देशमुख उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रोहित चंदाकर जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच चेतन चंदाकर प्राचार्य अजय मसीह खेल शिक्षक संतोष कुमार देशमुख सहित शिक्षक छात्र छात्राओं ने उज्वल भविष्य करते हुए बधाई दी।

### मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू

**राजनांदगांव 12 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के तत्वाधान में राजीम महोत्सव कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आसंदी से छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू के हाथों भक्तिन माता राजिम पुरस्कार से वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू ब्यूरो चीफ दैनिक पहट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि यह सम्मान समाज सेवा में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान के लिए दिया गया है। तथा उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना के साथ यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया हैं। श्री साहू की इस उपलब्धि पर साहू समाज सहित ईस्ट मित्रों ने बधाई दी है।



### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने व्याख्याता पदोन्नति में डीएड वालों को वरीयता देने की मांग की

**डोंगरगढ़ 12 जनवरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने वर्तमान में शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 2167/स्थापना 02/ व्याख्याता /पदोन्नति /नया रायपुर 30.12.2024 के तहत पदोन्नति हेतु स्नातकोत्तर प्रशिक्षित (बीएड) को प्राथमिकता देते हुए विषयवार सूची जिला शिक्षा अधिकारी से 01/04/23 की स्थिति में 10/01/25 तक लोक संचालनालय शिक्षा रायपुर द्वारा त्वरित मांगी गई है। जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि 5 मार्च 2019 को जारी छत्तीसगढ़ अध्यापक संवर्ग भर्ती अधिनियम में उच्च वर्ग से ब्याख्याता हेतु विषय में स्नातकोत्तर के सात एक प्रशिक्षित (बीएड/डीएड) कओ होना अनिवार्य है जबकि सीधी भर्ती ब्याख्याता पद के लिए बीएड अनिवार्य



होगा।इससे पहले भी वर्षो से इस विभाग इसी नियमो के अधार पर डीएड/बीटीआई वालो का पदोन्नति का लाभ मिलता रहा है।संघ पदाधिकारीयो ने बताया कि शिक्षा विभाग में पूर्व का है कोई शिक्षक को 29 वर्ष की सेवा व 50 वर्ष की आयु हो गई है तो उन्हें यओग्य मान लिया जाता है। इन सब के बावजूद जहां एक और अन्य पद्धति में ड्ड.द्गस्र के अनिवार्यता को शिथिल करते हुए पदोन्नति दी जा रही है तो दूसरी ओर प्रदेश में उच्च वर्ग से व्याख्याता पदोन्नति में ड्ड.द्गस्र की अनिवार्यता समस्या पड़ी है हालांकि इस विषय पर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ का निर्णय पारित किया गया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा क्रांति महासचिव शैलेंद्र कुमार यदु प्रांतीय सहसचिव राकेश तिवारी जिला सचिव जीवन वर्मा आदित्य तिवारी श्रीकेश शर्मा शरद शुक्ला जी भारती साहू उपाध्यक्ष बृजेश वर्मा ईश्वर मांडवी चंद्रिका यादव जिला कोषाध्यक्ष हंस कुमार मेश्राम जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू जिला प्रवक्ता मनोज वर्मा जिला महामंत्री महेश उनके जिला महामंत्री रतिराम कन्नौजे संदीप साहू राजेश साहू ब्लाक अध्यक्ष गिरीश हिरवानी डोंगरगांव दिनेश कुमार कुरैशी छुरिया मनीष पसीने डोंगरगढ़ अनिल शर्मा राजनंदगांव विद्यानंद डोंगरे संतोष टेमरे कृष्णा यादव फ्लेश साहू प्रदीप वर्मा बृजभूषण राजपूत चुम्मन देवांगन राजेश राजपूत सुरेन्द्र साण्डे लुकेश वर्मा राजकुमारी जैन पंचशील सहारे नीरज बाला डोंगरे उमेश टण्डन सुनील वर्मा नरेन्द्र दुक्कर सहित संघ पदाधिकारियों ने डीएड डीएलएड प्रशिक्षितो को भी पदोन्नति में शामिल करने की मांग किया।

### छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिये नशे से दूर रहने की दी समझाइश

**राजनांदगांव 12 जनवरी।** 11 जनवरी को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा पद्मश्री गोविंद राम निर्मल ऑडिटोरियाम एवं कमला देवी राठी गर्ल्स कॉलेज राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं को बेहतर भविष्य के लिये शिक्षा पर जोर देते हुये महत्वपूर्ण कैरियर गाईडेंस दिया गया। इसके साथ ही छात्र/छात्राओं को बढ़ते सायबर अपराधों से बचने हेतु अधिक से अधिक जागरूक रहने की सलाह दी गई। एसपी श्री मोहित गर्ग द्वारा वर्तमान में हो रहे अधिकतर सायबर अपराध जैसे डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, एपीके फाईल फ्रॉड के बारे में चर्चा करते हुये उससे बचने के उपाय के बारे में समझाया गया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसएप, टेलीग्राम को सुरक्षित एवं सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने व सायबर अपराधों से बचने के लिये उक्त सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मजबूत प्राईवेसी सेटिंग प्रोफाईल लॉक ऐक्टिव कर अपनी पर्सनल, सेंसिटीव जानकारी न शेयर करने, मजबूत पासवर्ड बनाने को कहा गया। छात्र/छात्राओं को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अनजान लोगों से दूर रहने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया पर अनजान नंबरो व आईडी से आये विडियो कॉल रिसिव न करने को कहा गया। सायबर अपराध से बेहतर तरीके से निपटने हेतु अपने घर परिवार दोस्त यार और अन्य रिश्तेदारों को भी जागरूक करने को कहा गया।

# अवैध प्लाटिंग पर निगम की कार्वाई

## नीलगिरी पार्क के पास अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 12 जनवरी।** शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। कार्यवाही की कड़ी में आज नीलगिरी पार्क के पास मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग करने तैयारी की जा रही थी, जिसे निगम की टीम जेसीबी से उखाडने की कार्यवाही की।

कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने शासन द्वारा निर्देशित किया गया है, निर्देशानुसार निगम का अतिक्रमण तोडू दस्ता अवैध प्लाटिंग की जानकारी लेकर नोटिस जारी करने के साथ साथ प्लाटिंग क्षेत्र की रोड नाली तोडने की कार्यवाही कर रही है। उन्होने बताया कि कौरिनभाठा में नीलगिरी पार्क के पास खसरा क्रं. 174/1,4,6,7 में से मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी, जिसकी जानकारी होते ही निगम की टीम जेसीबी के माध्यम से मुरूम ध्वस्त करने की कार्यवाही की। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने तकनीकी अधिकारियों से कहा है कि, नगर निगम सीमाक्षेत्र में अवैध कॉलोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉचकर नोटिस जारी करें और यदि संबंधित के द्वारा अवैध प्लाटिंग कार्य बंद नही किया जाता तो उनके विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत् कडी कार्यवाही करें। उन्होने नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा है कि, निगमसीमा क्षेत्र में जमीन खरीदने के पूर्व नगर निगम के भवन नजूल शाखा में आकर जानकारी ले लेवे, जानकारी उपरांत ही जमीन खरीदने की कार्यवाही करें। कार्यवाही के दौरान उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा उपस्थित थे।

# हेमराज साहू की दावेदारी से बाकी में खलबली

■ कराये थे अपने समय में कई उल्लेखनीय कार्य, जनता का भारी समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव12 जनवरी।** नगर निगम के लखोली क्षेत्र के आधा दर्जन वार्डों में सेठी नगर वार्ड क्रमांक 36 में भाजपा के पूर्व पार्षद हेमराज साहू की लंबे समय बाद प्रबल दावेदारी से कांग्रेस भाजपा एवं निर्दलीय दावेदारों में खलबली मच गई है। इस कद्दावर दावेदार के चुनावी मैदान में कूदने की पूरी संभावना बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक भाजपा इन्हीं के नाम पर मोहर लगा सकती है। जनता का इन्हें पहले ही भारी समर्थन मिल रहा है। क्योंकि 2009 में जब यह पार्षद थे तब अपने पंचवर्षीय कार्यकाल में कई उल्लेखनीय विकास निर्माण कार्य कराए हैं। तथा जनता को शासकीय योजनाओं का भरपूर लाभ दिलाए हैं। जानकारी के अनुसार हेमराज साहू बीच में कुछ समय के लिए अस्वस्थ चल रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने बीते विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। जिसका लाभ उन्हें पार्टी दे सकती है। वर्तमान में विष्णुदेव साय



नीत भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ वार्ड के पात्र जनों को दिलाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। नगर निगम में पिछले 5 साल की तक कांग्रेस की सत्ता के दौरान भाजपा जब विपक्ष में थी। तब भी जनता के हितों के लिए तत्कालीन सत्ता पार्टी कथित गलत नीतियों की खिलाफत करते हुए जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा मूलभूत सुविधाएं दिलाने के लगातार प्रयत्न किए थे। इस प्रकार हेमराज साहू की राजनीति में सक्रियता लगातार बनी हुई है। वार्ड वासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है हेमराज साहू इस बार भाजपा से प्रबल दावेदारी कर रहे हैं जिसका फायदा भाजपा वाला कमान उन्हें दे सकता है। क्योंकि 2009 में इसी वार्ड से ऐतिहासिक जीत भाजपा से हासिल कर श्री साहू पार्षद बने थे। उस समय जनता के लिए अनेक काम किए थे। जैसे सफाई, बिजली, पानी, सड़क, राशन कार्ड सहित अनेक योजनाओं का लाभ वार्ड वासियों को दिलाया थे। इस बार फिर पार्षद के लिए प्रबल दावेदारी की है। जिससे जनता खुश है।

# ओबीसी समाज के आरक्षण में कटौती से बीजेपी कार्यकर्ताओं में नाराजगी

■ प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा को पत्र देकर जताया विरोध..कहा चुनाव में किसी भी पद के लिए पार्टी का काम नही करेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 12 जनवरी।** 2025 में होने वाली त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरी निकाय में ओबीसी आरक्षण सून्य है, इसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश दिखाई दिया, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण पूरा काट दिया गया है, जिसका विरोध पिछड़ा वर्ग समाज तो कर ही रहा है लेकिन जिस पार्टी के सरकार है उसी पार्टी के कार्यकर्ता आरक्षण कटौती का विरोध करने का मामला सामने आया है।

ज्ञात हो कि 11 जनवरी को सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा पहुंचे थे। तभी ग्राम सांकरा से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रामू रोहरा से मंच मे मुलाकात कर आरक्षण कटौती के विरोध मे चर्चा कर पत्र सौंपे। कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर युक्त इस पत्र में लिखा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी का आरक्षण काट दिया गया है। हम सभी कार्यकर्ता बैठक आयोजित कर निर्णय लिए है की उक्त चुनाव में किसी भी पद के लिए पार्टी का काम नही करेंगे। इस संबंध में संगठन के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने प्रेस के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन का पालन करते हुए आरक्षण दिया गया है। जहां अनारक्षित है वहां ओबीसी को टिकट देकर कार्यकर्ताओ को संतुष्ट किया जायेगा।

आरक्षण कटौती के विरोध में पत्र जारी करने वालों में जन्मेजय साहू, सुगनचंद साहू,श्री मति सुलोचना साहु, सहनू साहू, सुरेश साहू, अमृतलाल साहू,पवन कुमार,भूपेंद्र कुमार, महेश कुमार,सुरेश साहू,भीखम राम,गौरी साहू,शशि भूषण साहू, गिरवर भंडारी,विशाल ध्रुव ,डेविड साहू चंद्रशेखर,भारत पटेल, नेमूचंद सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल है।

### सबेरा कप पर वाईडनर का कब्जाः विकल्प ने फिर जड़ा शतक, डोंगरगढ़ इलेवन रही उप विजेता

**राजनांदगांव 12 जनवरी।** अंतर शालेय क्रिकेट स्पर्धा सबेरा कप का खिताब वाईडनर स्कूल ने अपने नाम किया है। डोंगरगढ़ इलेवन इस टूर्नामेंट की उपविजेता रही। शनिवार को स्टेट स्कूल मैदान में खेले गए इस खिताबी मुकाबले में एक बार फिर बल्लेबाज विकल्प तिवारी की आतिशी बल्लेबाजी देखने को मिली। उन्होंने इस मैच में भी शतक जड़ते हुए 107 रन की पारी खेली। गौरतलब है कि, इस टूर्नामेंट में कुल 26 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता 5 जनवरी से 2 अलग अलग मैदानों में खेली गई। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सबेरा कप के फाइनल मुकाबला विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में खेला गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व मधुसूदन यादव, डॉ. आदित्य पारख एवं अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे व कांग्रेस प्रवक्ता रुपेश दुबे मौजूद थे।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल व भरत काथरानी, कोषाध्यक्ष डीके , वरिष्ठ सदस्य जीवन प्रकाश गौतम व अशोक डागा ने अतिथियों अभिषेक सिंह व मधुसूदन यादव, डॉ. आदित्य पारख का स्वागत किया। डीसीए अध्यक्ष सुशील कोठारी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की पीठ थपथपाई।

## समाचार संक्षेप

### नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव 12 जनवरी।** प्रार्थी पुलिस चौकी मोहारा में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिक बहन दिनांक 6.1.2024 को मोबाइल बनाने डोंगरगढ़ जा रही हूं करके गई है जो वापस घर नहीं आने पर आसपास व रिश्तेदारों में पता नहीं चलने पर दिनांक 08.01 .2024 को पुलिस चौकी मोहारा अप0क्र0-08/2025 धारा-137(2)बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा ,मोहारा प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह साहू के नेतृत्व में अपहता को दिनांक 09.01.2025 को जबलपुर से बरामद किया गया। अपहृता की महिला पुलिस अधिकारी से कथन करने पर आरोपी सागर मानिकपुरी उर्फ स्वरूपदास पिता भगवती मानिकपुरी उम्र 21 वर्ष निवासी सनडोंगरी थाना कबीर नगर जिला रायपुर के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाना बताने से मामले में धारा 87,64(2)(ड) बीएनएस 4,6 पोक्सो एक्ट जोड़ गया। आरोपी का पता तलाश कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, निरीक्षक ढालसिंह साहू चौकी प्रभारी मोहारा, सहायक उप निरीक्षक महेंद्र यादव,प्रधान आरक्षक 214 महादेव साहू , आरक्षक ऋषि मानिकपुरी आरक्षक मनी ठाकुर का विशेष योगदान रहा।



### सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम रायपुर की कार्यकारिणी की बैठक हुई



**रायपुर 12 जनवरी।** सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम रायपुर की कार्यकारिणी ने दिनांक 8 जनवरी को संध्या 4.00बजे एन आई टी परिसर स्थित इंडियन कॉफी हाऊस में फोरम के सलाहकार मंडल के श्री के पी सक्सेना (फोरम संस्थापक, पूर्व अध्यक्ष),श्रीमती अनुराधा खरे जी(से.नि. जिला सत्र न्यायाधीश),डॉ श्री जे एस उरकुरकर जी(से.नि. प्रोफेसर इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर),श्री एस के भार्गव (फोरम के पूर्व अध्यक्ष) डॉ श्री भगवंत सिंह (से.नि.प्रोफेसर रविशंकर विश्वविद्यालय.रायपुर) के साथ सौजन्य भेंट में कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी का पुष्प गुच्छ से नववर्ष की पहली बैठक में स्वागत किया। सलाहकार मंडल ने फोरम की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के कार्य कलापों की प्रशंसा की ,तथा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ विभिन्न मुद्दों पर भविष्य में कुछ और कार्य करनें मार्ग दर्शन किया, अध्यक्ष श्री प्रकाश सुरावधनीवार, सचिव श्री राजकुमार शुक्ला,उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज सैफी, सं.सचिव श्री चटर्जी, कोषाध्यक्ष श्री राणा,कार्य कारिणी सदस्य श्री राकेश खरे,श्री नीतिश श्रीवास्तव उपस्थित हुए, अध्यक्ष श्री प्रकाश सुरावधनीवार नेंआभार धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विष्णुदेव की सरकार में महिला स्व सहायता समूह एवं स्ट्रीट वेंडर हुए सशक्त

**डोंगरगढ़ 12 जनवरी।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत महिला स्व. सहायता समूह के सशक्तिकरण एवं स्ट्रीट वेंडर को बैंक के माध्यम से स्वरोजगार अन्तर्गत कम ब्याज बैंक में ऋण प्रदाय किया गया. जिसमें बुधवारी पारा के लक्ष्मीनारायण महिला समूह को आवर्ती निधि प्रदाय किया गया जिसमें घरेलु खाद् उत्पाद का निर्माण कर (आचार, पापड़, बड़ी, सेंवई, कुरोडी) आर्थिक प्रगति प्राप्त किया गया. पी.एम स्ट्रीट वेंडर सहायता योजना अंतर्गत शासन द्वारा शहर में 845 का लक्ष्य मिला जिसमे कुल 1070 आवेदन आन लाईन किया गया एवं 779 स्ट्रीट वेन्डर को 01 करोड राशि बैंक के माध्यम से आयवर्धन के लिये प्राप्त की गई। इस संचालन में समय-समय योजना पर शासन - प्रशासन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा द्वारा मार्गदर्शन किया गया साथ शहर के मिशन प्रबंधक मोरीस जार्ज एवं उनके टीम का योगदान महत्वपूर्ण रहा।



# निकाय चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है,गंभीरता से लड़ें:देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 12 जनवरी।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव होने है जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त राजनांदगांव नगरीय निकाय पर्यवेक्षक शैलेष नितिन द्विवेदी व कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन की उपस्थिति की उपस्थिति में 11 जनवरी शनिवार को कांग्रेस भवन में आगामी चुनाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देने बैठक आयोजित की। पीसीसी पर्यवेक्षकों ने कांग्रेसजनों से कार्ययोजना, रणनीति बनाकर एक साथ मिलकर काम करने की नसीहत दी।

दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन बैठक का संचालन करते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शनिवार 11 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त राजनांदगांव निकाय पर्यवेक्षक शैलेष नितिन द्विवेदी व कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन द्वारा आगामी होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इससे पूर्व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्वागतभाषण देते हुए कहा कि शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा वार्ड अध्यक्ष के साथ-साथ प्रभारियों की नियुक्त कर लगातार वार्डों में बैठकों का दौर चल रहा है अब तक शहर के 20 वार्डों में बैठकें हो चुकी है। वर्तमान में कांग्रेस प्रभारियों द्वारा पूरी निष्ठा के साथ कांग्रेस की नीतियों व विचार-धारा से अवगत कराया जा रहा है। इससे पूर्व शहर के सभी वार्डों में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य किया गया था। कांग्रेस लगातार प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियों व उनके भ्रष्टाचार को मजबूती से उजागर कर रही है। मैं आपको आश्वास्त करता हूं कि आगामी चुनाव में हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत दिखेंगी और इसके लिए कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण रूप से तैयार है और हम पूरी उर्जा व जोश के साथ इस चुनाव को लड़ेंगे। गिरीश देवांगन ने कांग्रेसजनों में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि आप लोग सदैव कांग्रेस का झंडा लेकर तन-मन से सेवा कर रहे हो। मैं आपको बता हूं कि नेता अपने दम पर चुनाव नहीं लड़ती वे कार्यकर्ताओं के बदौलत चुनाव लड़ती है। आगामी नगरीय निकाय चुनाव आप कार्यकर्ताओं का चुनाव है इसे गंभीरता से एक साथ मिलकर लड़े और सफलता हासिल करें।

# कृषि महाविद्यालय सुरगी में हुआ एनपीएसएस कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव 12 जनवरी।** पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सुरगी राजनंदगांव में कल दिनांक 10 जनवरी 2025 को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय वनस्पति सरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निर्देशन के द्वारा मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत एन. पी.एस.एस( नेशनल पेसट सर्विलांस सिस्टम ) कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जिसमे महाविद्यालय कि अधिष्ठिता महोदया डॉ. ज्यालक्ष्मी गाँगुली, डॉ. अर.एन. गाँगुली तथा महाविद्यालय के सभी प्रधापक एवं छात्र-छात्राए कार्यक्रम में शामिल हुए । इस आयोजन के दौरान महाविद्यालय में, हाल ही में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली की शुरूआत की है, जो एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मंच है, जिसका उद्देश्य किसानों का कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों से संपर्क कराना है ताकि कीट/पीड़क नियंत्रण उपायों को बढ़ाया जा सके उसकी जानकारी दी गई। यह पहल कीटनाशी खुदरा विक्रेताओं पर किसानों की निर्भरता को कम करने और कीट प्रबंधन के लिये वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

इस कार्यक्रम के दौरान वनस्पति संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न संगठनों के साथ समन्वित प्रयास करने के अतिरिक्त किसी भी संभावित नाशीजीव महामारी से बचने के लिए महत्वपूर्ण फसलों में नाशीजीव की उपस्थिति पर निगरानी के लिए जागरूक करता है और एडवाइजरी तथा पूर्व-चेतावनी जारी करता है।



## नगरवासियों के समस्याओं का समाधान इस कार्यालय में होगा:रामू रोहरा

# मंडल अध्यक्ष बलजीत की पहल से नगर जनसेवा कार्यालय का हुआ शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 12 जनवरी।** नगर वासियों की छोटी-छोटी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समस्या के निराकरण हेतु नगरी के मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के पहल पर नगर जन सेवा के नाम पर कार्यालय खोला गया है, कार्यालय के उद्घाटन में पहुंचे भाजपा के प्रदेश मंत्री रामू रोहरा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने बलजीत छाबड़ा के इस पहल का खूब प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की विचारधारा को पहचानती है, भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है,जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण नगर में नगर जनसेवा कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर देखने को मिला है। उन्होंने आगे कहा कि जिस उद्देश्य को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष का दायित्व युवा बलजीत छाबड़ा को सौंपा गया है, उस उद्देश्य की पूर्ति के दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए आज इस कार्यालय का लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने कहा इस कार्यालय में आम लोगो को शासन की योजनाओं से अवगत कराया जाएगा एव जानकारी प्रदान कर उस योजना से लाभान्वित भी किया जाएगा। श्री रोहरा ने कहा कि मोदी जी की गारंटी और प्रदेश की विष्णु देव सरकार की योजना को क्षेत्र के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा। जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि नगरी मंडल की जवाबदारी बलजीत छाबड़ा के मजबूत कंधों पर पार्टी ने सौंपी है, जिसकी जिम्मेदारी का निर्वहन कुशलता पूर्वक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर के नागरिकों को अपनी समस्याओं को लेकर यहां वहां भटकने की जरूरत नही है, वे सीधे कार्यालय में आकर अपनी समस्याओं का निराकरण पा सकते हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि उन्होंने आमजनों को छोटी छोटी समस्याओं को लेकर भटकते हुए बहुत करीब से देखा और महसूस भी किया है, जानकारी के अभाव में यहां वहां भटकते रहते हैं, ऐसे ही व्यक्तियों के सहायता हेतु कार्यालय खोलने का मकसद है, उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष का दायित्व मिलते ही उन्होंने ठान लिया था कि अब कोई नगरवासी नहीं भटकेगा। उन्होंने कहा कि फोटोकॉपी प्रिंटर मशीन की उपलब्धता इस कार्यालय में है जो लोगो की सेवा में समर्पित है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से पिंकी शिवराज शाह प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला कमल डागा जी राजेंद्र गोलछा जी विकास बोहरा ,रवि दुबे,राम गोपाल, साहू,हृदय साहू,प्रेमलता नागवंशी,चेलेश्वरी साहू ,अराधना शुक्ला, प्रदीप जैन (बंटी),चित्रांश नागवंशी सुरेश साहू ,अनिरुद्ध साहू, मन्नू यादव, लखन लाल अश्वनी निषाद योगेश देवांगन गौरव तिवारी सुनील निर्मलकर शहर अध्यक्ष राजा पवार विकास सोनी सौरभ नाग साहू ,तुलसी राम साहू, गुरु प्रसाद साहू युगल साहू , रवि भट्ट हनी कश्यप उपस्थित थे।

# उन्नी मुकुंदन गुजराती में आने वाली है मेरी अगली फिल्म: लैंग्वेज इज नो

**लिपिका वर्मा**

ऐक्टर/प्रडूसर उन्नी मुकुंदन दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में एक जाना-माना नाम हैं। लेकिन मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में काम करने वाले उन्नी के लिए सफलता की राह आसान नहीं थी। भारी



उतार-चढ़ाव से भरे उनके कैरियर की इस यात्रा में उन्हें साउथ फिल्म इंडस्ट्री में खुद को स्थापित करने में 13 साल लग गए। निर्माता के रूप में अपनी पहली ही फिल्म 'मेप्पादियान' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित उन्नी मुकुंदन का मानना है कि एक साथ अभिनेता और निर्माता के रूप में काम करना उतना भी मुश्किल नहीं है क्योंकि वह मल्टीटास्किंग हैं और फिल्म प्रोडक्शन से संबंधित हर पहलू पर ध्यान रखते हैं और खुद को समर्पित कर देते हैं, जिससे उन्हें अभिनेता और निर्माता दोनों के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में मदद मिलती है।

**क्या आप पहली बार मुंबई आए हैं?**

जी नहीं, मैं पहले भी मुंबई आया हूं, लेकिन फिल्म ₹मार्को₹ के प्रमोशन के लिए पहली बार आया हूं। मेरे कुछ दोस्त यहां रहते हैं। मुंबई मुझे बहुत पसंद है, ये सपनों का शहर है।

**आपकी हिन्दी काफी अच्छी है, क्या आपने फिल्म के हिन्दी वर्जन में अपनी आवाज़ में डब किया है?**

जी हां, फिल्म के हिंदी वर्ज़न में मैंने खुद डब किया है। मैं अहमदाबाद से हूं, तो हिंदी और गुजराती मुझे अच्छी तरह से आती है।

**क्या आप सभी भाषाओं में अपने डायलॉग्स खुद बोलने में सहज महसूस करते हैं?**

हां, मैं सभी भाषाओं में अपने संवाद खुद बोलता हूं। मुझे लगता है कि यह एक अभिनेता के लिए बहुत जरूरी है। जब आप अपने डायलॉग खुद बोलते हैं, तो आपका प्रदर्शन बेहतर होता है क्योंकि आपको अपने किरदार को परदे पर जीवंत करने के लिए हर तरह के भाव भंगिमाएं प्रदर्शित करना होता है।

**आप एक्शन, खून-खराबा और VFX से भरपूर फिल्मों के लेटेस्ट ट्रेंड को कैसे देखते हैं? क्या ये एक नया बदलाव है?**

मुझे लगता है एक्शन तो हमेशा से रहा है। मैंने कुछ सालों के लिए इससे दूर रहने का फैसला किया था। लेकिन फिर मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि मुझे एक्शन फिल्मों में हाथ आजमाना चाहिए। एक्शन पैक्ड फिल्में आम तौर पर ज्यादा लोगों तक पहुंचती हैं, इसलिए अगर बड़े स्तर की फिल्म बनानी है तो एक्शन एक ऐसा जॉनर है जिसमें हाथ आजमाया जा सकता है।

हो सकता है मेरी सोच गलत हो। लेकिन मेरे दोस्तों का कहना है कि मैं एक्शन करने में अच्छा हूं। और मुझे खुद भी एक्शन फिल्में देखना पसंद है। लोगों को एक्शन फिल्में पसंद आती हैं। 'मार्को' फिल्म में आपने जो भी खून-खराबा और हिंसा दिखाई है, वो सब समाज में होता है। जैसा कि हम जानते हैं, फिल्म समाज का ही आईना होता है। उन्होंने आगे कहा, ₹लोगों को पता है कि यह बस एक फिल्म है, सच नहीं है, इसलिए उन्हें इसे गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। दर्शक फिल्मों को मनोरंजन के रूप में देखते हैं। 'मार्को' को एडल्ट सर्टिफिकेशन मिला है। इसलिए हमने अपना काम किया है, यह फिल्म केवल वयस्कों के लिए है।

**फिल्म को रिलीज़ से पहले उत्तर भारत में क्यों नहीं प्रचारित किया गया?**


हमने पहले केरल में फिल्म को रिलीज़ किया था क्योंकि केरल मर्केट हमारे लिए मत्वपूर्ण है। वहां पर फिल्म बहुत बड़ी हिट साबित हुई। उसके बाद ही हमने उत्तर भारत में फिल्म का प्रचार शुरू किया। हालांकि हिन्दी मार्केट में भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन पर्फॉर्म कर रही है।

**कई बार अच्छी मलयालम फिल्में भी देश-विदेश में इतनी फेमस नहीं हो पाती हैं, हालांकि उनकी कहानी बहुत अच्छी होती है। आपका क्या मानना है?**

नहीं, मैं ऐसा नहीं मानता। मेरे दोस्त पृथ्वीराज की फिल्म 'गोट लाइफ' ने बहुत अच्छा कलेक्शन किया, जबकि वो इतनी आम फिल्म भी नहीं थी। उसने 150 करोड़ रुपये कमाए। उस फिल्म को देश के साथ साथ विदेशों में भी बहुत पसंद किया गया। मेरा मानना है कि मलयालम फिल्में अच्छा कर रही हैं। हर फिल्म हिट हो ये जरूरी नहीं है। इसलिए हमें ज्यादा स्ट्रेस लेने की जरूरत नहीं है।

## 'मिशन ग्रे हाउस' का ट्रेलर मुंबई में लॉन्च

बॉलीवुड में सस्पेंस और थ्रिलर जॉनर की फ़िल्में हमेशा से दर्शकों की पहली पसंद रही हैं। नया साल शुरू हो चुका है और इसी के साथ इस साल की पहली म्यूजिकल थ्रिलर फ़िल्म 'मिशन ग्रे हाउस' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया हैं। इस अवसर पर फिल्म 'मिशन ग्रे हाउस' में मुख्य भूमिका निभाने वाले युवा अभिनेता अबीर खान, पूजा शर्मा और मशहूर अभिनेता आमिर खान की बहन और फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस निखत खान और निर्देशक नौशाद सिद्दीकी ने उपस्थित रहे। अबीर खान फिल्म "मिशन ग्रे हाउस" से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। सस्पेंस के साथ दर्शकों को एक क्लासिक थ्रिलर फ़िल्म देखने को मिलेगी। 2 मिनट 13 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत में अंधेरी रात में एक सूनसान जगह पर बंगला दिखाई देता है और साथ ही बैकग्राउंड में आवाज गूँजती है ₹ये है रहस्यमय ग्रे हाउस₹। अंदर एक सफेद टीशर्ट पहना हुआ एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति दिखाई देता है जिसकी आँखों और चेहरे पर खौफ दिखाई दे रहा है। अचानक से घर के दरवाजे पर एक मिस्ट्री मैन दिखाई देता है जो सिर से पैर तक पूरा ढका हुआ है और उसके हाथ में एक मैग्नीफ़ाइंग लेंस दिखता है। बैकग्राउंड में डरावना म्यूजिक सुनाई दे रहा है।



## फिल्म 'अगथिया' का रहस्य, रोमांच और थ्रिल से भरपूर टीज़र आउट, 31 जनवरी को होगी रिलीज

फैंटसी और थ्रिल से भरपूर फिल्में हमेशा से दर्शकों को रोमांचित करती रही है। ऐसी फिल्में देखने का अलग ही अनुभव होता है। इसी तरह की रहस्य, फैंटसी और थ्रिल से भरपूर फिल्म 'अगथिया ऐन्जल वर्सेज़ डेविल' का रोमांचित कर देने वाला टीज़र रिलीज हो गया हैं।

निर्माता अनीश देव और डॉ इशारी के गणेश द्वारा निर्मित, वेल्स फिल्म्स इंटरनेशनल तथा वैमइंडिया के बैनर तले बनी फिल्म 'अगथिया ऐन्जल वर्सेज़ डेविल' में मुख्य किरदार में जीवा और राशि खन्ना नजर आयेंगे। फिल्म का लेखन और निर्देशन पी ए विजय ने किया है। फिल्म के सभी गाने भी निर्देशक पी ए विजय ने लिखे है। वेल्स फिल्म्स इंटरनेशनल तथा वैमइंडिया के बैनर तले बनी फिल्म 'अगथिया ऐन्जल वर्सेज डेविल' में तमिल फिल्मों के बड़े स्टार जीवा, खूबसूरत ऐक्ट्रेस राशि खन्ना और तमिल, तेलुगु, कन्नड, मलयालम से साथ साथ हिन्दी फिल्मों में भी अपने अभिनय का उम्दा प्रदर्शन करने वाले मंझे हुए ऐक्टर अर्जुन सारजा प्रमुख भूमिका में नजर आयेंगे। अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर अभिनेता योगी बाबू, ऐक्टर ऐडवर्ड सोनेनब्लिक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।




## पूनम ढिल्लों, विंदु दारा सिंह, धीरज कुमार, डॉ धर्मेंद्र कुमार की उपस्थिति में होगा फ्री हेल्थ कैम्प

डॉक्टर 365 के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार और अभिनेता निर्माता निर्देशक धीरज कुमार द्वारा अंधेरी पश्चिम के चित्रकूट ग्राउंड में 19 जनवरी 2025 को 'डॉक्टर 365 बॉलीवुड महा आरोग्य शिविर' का आयोजन होने जा रहा है जिससे हजारों लोग लाभ लेंगे। मुम्बई के जुहू जिमखाना में बॉलीवुड महा आरोग्य शिविर 2025 की प्रेस कांफ्रेंस में बॉलीवुड की कई हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जिनमें पूनम ढिल्लो, दीपक पराशर, विंदु दारा सिंह, सद्गुरु श्री दयाल, संगीतकार दिलीप सेन, गायिका मधुश्री, ब्राइट आउटडोर मीडिया के डॉ योगेश लखानी, दलजीत कौर, संगीता तिवारी, महेंद्र जी (चित्रकूट ग्राउंड), प्रशांत भाई, रोटरी क्लब के चेतन देसाई, मधुश्री, दिलीप सेन, हरीश चोकसी, डॉ कृष्ण कुमार, हरजीत आनंद इत्यादि का नाम उल्लेखनीय है। गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई फिर विवेक प्रकाश व रोली प्रकाश ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। डॉ. धर्मेंद्र कुमार और धीरज कुमार ने सभी अतिथियों का सम्मान किया।



## सलमान खान को बहुत पसन्द था सोनू सूद की फ़िल्म फतेह का ट्रेंडिंग सॉन्ग "हीर" : गीतकार कम्पोज़र शब्बीर अहमद

सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडीज की फ़िल्मि फतेह 10 जनवरी को रिलीज होने जा रही है क्या आप जानते हैं कि इस फ़िल्मि में सलमान खान का भी कंट्रीब्यूशन है। मामला दरअसल यह है कि इस फ़िल्मि का ट्रेंडिंग सॉन्ग हीर सलमान खान को बहुत पसंद था जिसे शब्बीर अहमद ने कम्पोज़ किया है मगर उन्होंने यह गीत सोनू सूद की फ़िल्मि फतेह के लिए दे दिया। बिग बॉस में खुद सलमान खान ने भी इस बात का ज़िक्रि किया। सलमान खान बिग बॉस में कहते हैं कि फ़िल्मि फतेह में मेरा भी योगदान है। असल में एक गीत हीर मुझे बहुत पसन्द था लेकिन वह गीत अब इनकी फ़िल्मि फतेह में है। सोनू सूद ने इस बात के लिए सलमान खान का शुक्रिया अदा किया। इस गीत को विशाल मिश्रा और असीस कौर ने गाया है जबकि शब्बीर अहमद और अजय पाल शर्मा ने लिखा है।सलमान खान की ढेरों फिल्मो के लिए गीत लिख चुके शब्बीर अहमद कहते हैं कि लॉक डाउन के दौरान मैंने यह गीत कम्पोज़ किया था जो सलमान खान को बहुत पसन्द था।




## कशिका कपूर ने अल्लू अर्जुन के साथ काम करने के संकेत दिए, उन्हें अपना ड्रीम को-स्टार बताया पुष्पा 2" के बाद।

बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार कशिका कपूर ने हाल ही में अपने बयान से चर्चा बटोरी है, जिसमें उन्होंने टॉलीवुड के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की है। कशिका, जो अपनी दमदार एक्टिंग और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं, ने खुलासा किया कि ₹पुष्पा 2₹ देखने के बाद उनका सपना अल्लू अर्जुन के साथ काम करने का है। एक बातचीत के दौरान, कशिका ने फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की और अल्लू अर्जुन की करिश्माई परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ₹अल्लू अर्जुन का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन और उनकी कला पर पकड़ वाकई प्रेरणादायक है। उनकी ऑन-स्क्रीन एनर्जी इतनी शानदार है कि इसे देखकर कोई भी प्रेरित हो सकता है। कशिका ने ₹पुष्पा 2₹ देखने के अनुभव को रोमांचक बताया। उन्होंने खुलकर कहा कि अल्लू अर्जुन उनके ₹आदर्श सह-कलाकार₹ हैं। कशिका ने कहा, ₹अल्लू अर्जुन के साथ काम करना मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा होगा। वो एक बेहतरीन अभिनेता और एक सच्चे आइकन हैं, जो हर किरदार में कुछ अनोखा जोड़ते हैं।



## 2024 के गुनाहों को जलाने निकलीं जियोर्जिया एंड्रियानी

अभिनेत्री जियोर्जिया एंड्रियानी ने एक बार फिर अपनी फिटनेस गोल्स से लोगों को प्रेरित कर दिया है! इस खूबसूरत अदाकारा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया, जिससे उनके फैंस फिटनेस और हेल्थ को प्राथमिकता देने के लिए मोटिवेट हो गए। हेल्दी लाइफस्टाइल के प्रति उनकी डेडिकेशन ने उन्हें सालों से एक सच्चा फिटनेस एंथुसिएस्ट साबित किया है। कार्डियो से लेकर स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और यहां तक कि डांस तक, जियोर्जिया ने हर तरह की वर्कआउट तकनीक को अपनाया है। उनका नया पोस्ट हमें याद दिलाता है कि फिटनेस निरंतरता और जुनून का नाम है। वीडियो में, अभिनेत्री स्ट्रेचिंग करती दिख रही हैं—जो हर वर्कआउट रूटीन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके साथ ही, उन्होंने अपने एब्स, हैमस्ट्रिंग्स और ट्राइसेप्स जैसी खास मसल्स पर भी ध्यान दिया। उनकी हेल्थ के प्रति समर्पण और फोकस साफ झलकता है। वीडियो में उनके जिम ट्रेनर की एक झलक भी दिखाई देती है। लेकिन सबसे खास था जियोर्जिया का मजेदार और रिलेटेबल कैप्शन, 2024 के गुनाहों को जलाने का वक्त , जिसने उनके फैंस का दिल जीत लिया।



## कशिका कपूर ने अपने टॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'लव यू फादर' के प्रमोशन के दौरान हल्टर नेक पैंट सूट में बिखेरा जलवा

कशिका कपूर ने खाकी रंग के हल्टर नेक पैंटसूट में दिए बॉस बेब वाइब्स, अपने टॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'लव यू फादर' के भव्य गाने के लॉन्च इवेंट में बनीं चर्चा का केंद्र उभरती हुई स्टार कशिका कपूर ने अपनी बहुप्रतीक्षित टॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'लव यू फादर' (LYF) के प्रमोशन के दौरान शानदार अंदाज में स्टेज पर आग लगा दी। अपनी बेहतरीन अभिनय क्षमता और शानदार फैशन सेंस के लिए मशहूर कशिका अपने फैंस को ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों जगह प्रभावित करती रही हैं। 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए सराही जा चुकी कशिका मनोरंजन उद्योग के साथ-साथ फैशन जगत में भी अपनी अलग पहचान बना रही हैं। अपनी स्वाभाविक खूबसूरती और बेहतरीन स्टाइल के लिए जानी जाने वाली कशिका ने एक बार फिर खुद को ट्रेंडसेटर साबित कर दिया है।



## अभिनेत्री सीरत कपूर एक केंद्रित 2025 के लिए पूरी तरह तैयार हैं

अभिनेत्री सीरत कपूर अपने 2025 के बारे में कहती हैं, ₹2024 व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर आंखें खोलने वाला था, लेकिन 2025 अंतर्ज्ञान, फोकस, स्पष्टता, आत्म-प्रेम, यात्रा और मेरी आत्मा के मूल मूल्यों और प्राथमिकताओं के अनुसार महान काम के अवसरों का है जैसे ही नया साल शुरू हुआ, अभिनेत्री सीरत कपूर ने पिछले साल पर विचार करते हुए अपनी आगामी योजनाओं को साझा किया। अपनी प्रतिभा, दृढ़ता और गरिमा के लिए जानी जाने वाली सीरत ने 2024 में मिले अनुभवों और अवसरों के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। हालांकि, वह अपनी उपलब्धियों पर रुकने वाली नहीं हैं। बहुमुखी अभिनेत्री ने 2025 को और भी प्रभावशाली बनाने के लिए समग्र विकास—शारीरिक और मानसिक दोनों—पर ध्यान केंद्रित करने का निश्चय किया है। उन्होंने अपने प्रशंसकों को अपनी प्रेरणा और समर्थन का सबसे बड़ा स्रोत माना है।



## सीरत कपूर ने की महान निर्देशक एसएस राजामौली से मुलाकात, कहा- "उनके साथ काम करना मेरा सपना है"

टॉलीवुड की बहुमुखी अभिनेत्री सीरत कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक इमोशनल स्टोरी शेयर की। सीरत ने इस इवेंट से कई तस्वीरें भी साझा कीं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान उन्होंने अपने करीबी दोस्तों राणा दग्गुबाती और मिहीका बजाज को उनके नए प्रोजेक्ट फूड स्टोरीज़ की लॉन्चिंग पर बधाई दी। इसी इवेंट में सीरत का सपना सच हो गया, जब उन्होंने महान निर्देशक एसएस राजामौली से मुलाकात की। सीरत ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, "कोई मुझे यकीन दिलाए! सर @ssrajamouli, आप हर एक्टर का सपना हैं! मैनिफेस्टेशन सच में होता है—यह पल आपके साथ जिंदगी भर के लिए यादगार रहेगा। महान निर्देशक एसएस राजामौली सर से मिलना ऐसा था, जैसे किसी सपने में कदम रखना। मैंने उनसे मिलने का सपना देखा था, और ब्रह्मांड ने हमें जादुई रूप से एक ही छत के नीचे ला दिया। मुझे जिंदगी और इसके चमत्कारों पर पूरा भरोसा है, खासकर जब दिल की



## कलाकारों ने अपने पसंदीदा 'हिन्दी' शब्दों के बारे में बताया!

विश्व हिन्दी दिवस के मौके पर एण्डटीवी के कलाकार भारत की सांस्कृतिक पहचान के एक जरूरी हिस्से के तौर पर हिन्दी को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने की अहमियत पर बात की। साथ ही इन कलाकारों ने अपने पसंदीदा हिन्दी शब्दों को साझा करते हुये बताया कि वे शब्द उन्हें इतने पसंद क्यों हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं - रवि महाशब्दे (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), स्मिता सेबल (धनिया, 'भीमा'), हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा, 'हप्पू की उलटन पलटन') और रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी, 'भाबीजी घर पर हैं')। अटल में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे रवि महाशब्दे ने कहा, ''एक अभिनेता और लेखक होने के नाते मेरा मानना है कि हिन्दी की तुलना में कोई भी अन्य भाषा भावनाओं को इतनी प्रामाणिकता के साथ नहीं संजोती है। मुझे उस देश और संस्कृति का हिस्सा होने पर गर्व है, जहाँ हिन्दी दैनिक जीवन का अटूट हिस्सा है। हिन्दी मेरी चहेती भाषा है और उसमें से सिर्फ एक या दो शब्द चुनना कठिन होगा। हालांकि, मैं एक शब्द को चुनूंगा और वह है 'आत्मनिर्भर', जिसका मतलब होता है



## "नए साल की शुरुआत में ही इस शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत ख़ास है।"

कुछ अभिनेता अपने शानदार अभिनय से शो में जान डाल देते हैं और सन नियो के लोकप्रिय शो 'साझा सिंदूर' में मनराज सिंह सरमा भी अपने अभिनय से कुछ ऐसा ही जादू बिखेरने वाले हैं। रुद्र की दमदार भूमिका निभाने वाले मनराज इस मौके को लेकर बेहद उत्साहित और आभारी हैं। अपनी अद्भुत प्रतिभा और सकारात्मक ऊर्जा के साथ, वह स्क्रीन पर अपनी छाप छोड़ने और दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मनराज सिंह शर्मा अपने उत्साह को साझा करते हुए कहते हैं, ₹मैं इस भूमिका को लेकर बेहद खुश और उत्साहित हूँ। यह मेरे लिए बेहद खास इसलिए है क्योंकि नए साल की शुरुआत में मुझे इसे निभाने का मौका मिला है। सब कुछ बहुत जल्दी हुआ मैंने ऑडिशन दिया और तीन-चार दिनों में ही मेरा चुनाव हो गया। मेरा किरदार रुद्र एक शांत, सभ्य, इंट्रोवर्ट और सकारात्मक व्यक्ति है, जो मुझसे थोड़ा अलग है क्योंकि असल ज़िंदगी में मैं कभी-कभी इंट्रोवर्ट तो कभी एक्सट्रोवर्ट होता हूँ। मेरी सबसे बड़ी चुनौती अपने धैर्य पर काम करना होगा और मैं इसे सक्रिय रूप से सीख रहा हूँ।



## 'श्रीमद रामायण' में, सीता को उसका सम्मान वापस दिलाने के लिए लव और कुश अयोध्या जाते हैं

सोनी सब के श्रीमद रामायण में भगवान राम (सुजय रेऊ) और माता सीता (प्राची बंसल) की महागाथा को दर्शाया गया है। हाल ही में, दर्शकों ने एक भावुक पल का अनुभव किया, जब भगवान राम ने अनजाने में युद्ध के मैदान में अपने जुड़वां बेटों, लव (सौर्य मंडोरिया) और कुश (अथर्व शर्मा) का सामना किया। जब युद्ध समाप्त हुआ तो सीता यह जानकर हैरान रह गईं कि जिस राजा से लव और कुश ने युद्ध किया था, वह भगवान राम थे। सीता लव और कुश को यह परम सत्य बताती हैं कि जिस व्यक्ति से उन्होंने अनजाने में युद्ध किया, वह उनके पिता भगवान राम थे और वह वहीं सीता हैं, जिनकी उन्हें तलाश थी। भगवान वाल्मीकि लव और कुश को सलाह देते हैं कि भगवान राम और सीता के पुनर्मिलन के लिए युद्ध कोई रास्ता नहीं है। इसके बजाय, वे इन जुड़वां भाईयों से अयोध्या जाकर सीता के प्रति अयोध्यावासियों की भ्रांति को दूर करने और उनका सम्मान वापस दिलाने का आग्रह करते हैं। लव और कुश भगवान राम और सीता को फिर से मिलाने के इस मिशन पर निकल पड़ते हैं, लेकिन क्या सहस्त्रमुख रावण (प्रणीत भट्ट) ऐसा होने देगा? क्या लव और कुश चुनौतियों को जीतकर भगवान राम और सीता को फिर से मिला पाएंगे? जानने के लिए हमारे साथ बने रहें!



## 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में दिलीप ने विधायक सीट हासिल की

सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल पुष्पा (करुणा पांडे) की सशक्त कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, जो एक दृढ़ और निडर महिला है। वह जीवन की चुनौतियों का सामना अटूट दृढ़ संकल्प के साथ करती है। हाल के एपिसोड में परिवार के नए साल के जश्न के दौरान ड्रामा चरम पर पहुंच गया, क्योंकि चॉल के मालिक बापोदरा (जयेश भरभरा) ने दिलीप (जयेश मोरे) को अप्रत्याशित बेदखली का नोटिस देकर सभी को चौंका दिया। घटनाओं के एक शानदार मोड़ में पुष्पा और दिलीप उसे मात देने के लिए सेना में शामिल हो जाते हैं, और दिलीप अंततः एक तीसरे पक्ष के माध्यम से घर खरीद लेता है, जिससे बापोदरा हैरान रह जाता है। आगामी एपिसोड में ड्रामा और भी बढ़ जाता है क्योंकि बापोदरा और दिलीप राजनीतिक क्षेत्र में आमने-सामने होते हैं, चुनावों में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े होते हैं। बापोदरा मीडिया को वीडियो लीक करके दिलीप की छवि खराब करने की साजिश रचता है कि कैसे उसने बादशाह (हितु पुजारा) को कार में बंद किया और उसके साथ अत्याचार किया।



## कलाकारों ने मकर संक्रांति पर अपनी पहली पतंगबाजी के यादगार लम्हों के बारे में बताया!

मकर संक्रांति का त्योहार पूरे भारत में हर्षो-उल्लास के साथ मनाया जाता है और पतंगबाजी के बिना यह उत्सव अधूरा है। इस अवसर पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने अनोखे और मजेदार अनुभवों को याद करते हुये, मकर संक्रांति के त्योहार और पतंग उड़ाने के अपने यादगार लम्हों के बारे में बताया। इन कलाकारों में शामिल हैं- आयुध भानुशाली ('अटल' के नन्हें अटल), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। एण्डटीवी के शो 'अटल' में नन्हें अटल का किरदार निभा रहे आयुध भानुशाली ने कहा, 'हम गुजरात में मकर संक्रांति का त्योहार उत्तरायण के रूप में मनाते हैं। हमारे यहां इस दिन पतंग उड़ाने की परंपरा है, जिसमें परिवार के लोग और दोस्त मिलकर पतंगबाजी का आनंद लेते हैं। पतंग उड़ाने का मेरा पहला अनुभव किसी कॉमेडी शो से कम नहीं था। मैं रंग-बिरंगी पतंगे और मांझे का रोल हाथ में लेकर छत पर खड़ा था, लेकिन मुझे कुछ भी समझ नहीं आ रहा था कि करना क्या है।



## तेनाली रामा में राजा कृष्णदेवराय को यकीन हो गया

सोनी सब का शो तेनाली रामा महान प्रतिभाशाली तेनाली रामा (कृष्ण भारद्वाज) की अविश्वसनीय कहानियों पर आधारित है। यह शो तेनाली के विजयनगर लौटने पर प्रकाश डालता है, जहाँ उसे राज्य के लिए बढ़ते खतरे का सामना करना होगा और साम्राज्य की रक्षा के लिए अपनी बुद्धि का उपयोग करना होगा। हाल के एपिसोड में तथाचार्य (पंकज बेरी) डर से काँप उठता है क्योंकि उसे लगता है कि उसने तेनाली रामा के भूत को देखा है क्योंकि तेनाली की मौत की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई है। इस बीच तेनाली अपने नाम पर लगे दाग को साफ़ करने और राजा के सामने अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए एक बेहतरीन योजना बनाता है। आगामी एपिसोड में तथाचार्य खुद को एक बुजुर्ग महिला से जुड़े एक लंबे समय से चले आ रहे मामले से जूझता हुआ पाता है, साथ ही राजा कृष्णदेवराय (आदित्य रेड्डी) द्वारा मामले को सुलझाने के लिए लगाई गई 24 घंटे की समय सीमा का सामना करता है। साथ ही तेनाली रामा विजयनगर से अपने निर्वासन के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए एक शानदार रणनीति बनाता है, और तथाचार्य की बेगुनाही के बारे में आश्चर्यजनक खुलासे भी करता है।



## सानंद वर्मा ने 150 महिला किरदारों को निभाने के अनुभव पर की बात!

मुंबई, जनवरी 2025: एण्डटीवी का कल्ट कॉमेडी 'भाबीजी घर पर हैं' अपनी मजेदार कहानियों और यादगार किरदारों के जरिये लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। अनोखे लाल सक्सेना, इनमें से ही एक किरदार हैं, जिसे संजीदा अभिनेता सानंद वर्मा निभा रहे हैं। अपनी बेजोड़ कॉमिक टाइमिंग और अनोखे किरदारों को निभाने की काबिलियत के लिए मशहूर सानंद ने शो में 150 से ज्यादा महिला किरदार निभाकर कॉमेडी में एक नया मानदंड स्थापित किया है। उनकी यात्रा का एक खास पड़ाव वह कहानी थी, जिसमें उन्होंने लगातार चार अलग-अलग महिला किरदारों के रूप धारण किए। इस बेमिसाल उपलब्धि पर बात करते हुये सानंद वर्मा ऊर्फ अनोखे लाल सक्सेना ने कहा, ''भाबीजी घर पर हैं' का हिस्सा होना मेरा सौभाग्य है। इस शो ने मुझे बतौर ऐक्टर नये डायमेंशन्स को एक्सप्लोर करने की प्रेरणा दी। 150 से ज्यादा महिला किरदारों को निभाना एक रोमांचक अनुभव है और जब मुझे उस कहानी के बारे में बताया गया, जिसमें मुझे चार अलग महिला किरदारों में ढ़लना था, तो मैं बहुत खुश और नर्वस भी था।



## सस्पेंस और कॉमेडी से भरा सप्ताह एण्डटीवी पर

एण्डटीवी के शोज 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' की आगामी कहानियों में मनोरंजन का और भी तड़का लगेगा। एण्डटीवी के 'अटल' के बारे में बताते हुये, कृष्णा देवी ऊर्फ नेहा जोशी ने कहा, ''सेठ और सेठानी बाजार में दरोगा भाटिया से मिलते हैं और उसे चेतावनी देते हैं कि ठेकेदार से दूर रहे। उनकी सलाह के बावजूद, दरोगा भाटिया ठेकेदार के साथ हाथ मिलाता है और अटल के खिलाफ एक साजिश रचता है। इस बीच, जब अटल और भावना मंदिर में दर्शन करने जाते हैं, तो दो गुंडे अटल को किडनैप कर लेते हैं।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगे की कहानी के बारे में बताते हुये हिमानी शिवपुरी ऊर्फ कटोरी अम्मा कहती हैं, ''हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) अपनी जिंदगी में किसी चमत्कारी बदलाव का सपना देखता है। कहानी में मोड़ तब आता है जब हप्पू को उसके साथी मनोहर (नितिन जाधव) से एक रहस्यमयी बाबा के बारे में पता चलता है, जिसने मनोहर की लंबे समय से अधूरी इच्छा को पूरा कर उसे पिता बना दिया। उत्सुक हप्पू उस बाबा के पास जाता है और उन्हें अपनी परेशानियां बताता है। बाबा उसे एक जादुई हरी दवा देते हैं और दावा करते हैं कि यह उसकी जिंदगी बदल देगी। दवा सचमुच कमाल कर देती है। हप्पू की जिंदगी में अप्रत्याशित बदलाव आता है और उसे प्रमोशन मिल जाता है। लेकिन कहानी में मजेदार और हंसी से भरपूर उथल-पुथल तब शुरू होती है जब राजेश (गीतांजलि मिश्रा) इस बात को लेकर नाराज हो जाती हैं कि हप्पू ने यह जादुई दवा खुद तक सीमित क्यों रखी।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 246 मकानों का निर्माण पूर्ण



**सुकमा, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दोरनापाल अंतर्गत शहरी गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में नगर पंचायत दोरनापाल क्षेत्र में 303 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 246 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 57 आवास निर्माणाधीन हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण पक्के मकान उपलब्ध कराना है। सरकार ने सभी पात्र शहरी परिवारों को पक्के घर प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि निर्माणाधीन मकानों को शीघ्र पूरा करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इस योजना से शहरी गरीबों को स्थायी आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी।

### जिला स्तरीय क्विज में सुकमा प्रथम



**सुकमा, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन एवं जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में 09 जनवरी को जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मण्डावी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली छात्रों में विज्ञान एवं गणित विषय में रूची विकसित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रारंभिक स्तर अंतर्गत (कक्षा 1 ली से 8वीं) तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पावारास सुकमा में यह आयोजित किया गया जिसमें विकासखंड से चयनित 40 बच्चों ने भाग लिया। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुकमा, द्वितीय स्थान छिन्दगढ एवं तृतीय स्थान कोन्टा को प्राप्त हुआ। इसी तरह हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी की प्रतियोगिता पीएमश्री स्कूल शा.बा.उ.मा.वि. सुकमा में आयोजित किया गया जिसमें विकासखंड से चयनित 40 बच्चों ने लिया भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान कोन्टा, द्वितीय स्थान छिन्दगढ एवं तृतीय स्थान सुकमा को प्राप्त हुआ। क्विज प्रतियोगिता डिजिटल मोड .में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के टी.डी.दास प्राचार्य सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल पावारास सुकमा तथा पी.अनिल कुमार प्राचार्य सेजेस हिन्दी माध्यम सुकमा नोडल अधिकारी ने अपने टीम के साथ प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मंडावी के द्वारा सभी विजेता छात्रों को प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो सहित पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सुकमा श्री उमाशंकर तिवारी, अन्य शिक्षकगण और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली लोगों की जिंदगी



**सुकमा,12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) देश के गरीब वर्ग के परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण पक्के मकान उपलब्ध कराना है। सभी के लिए जरूरी आवास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस योजना के तहत सभी पात्र परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी गरीबों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला रहा है। इससे न केवल उनके रहने की स्थिति में सुधार हो रहा है, बल्कि उनके सामाजिक और आर्थिक स्तर में भी वृद्धि हो रही है। जिले में इस योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कुल 601 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 510 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और लाभार्थी अपने नए घरों में रह रहे हैं। शेष 91 आवासों का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है और इसे जल्द ही पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को किफायती मकान का निर्माण लागत कम रखने के साथ-साथ इसे गुणवत्तापूर्ण बनाया गया है। केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है जिससे घर टिकाऊ और मजबूत बने। सुकमा क्षेत्र में इस योजना से लाभान्वित हुए कई परिवारों ने अपने अनुभव साझा किए। कवासी, जो इस योजना के तहत घर प्राप्त कर चुके हैं, कहते हैं यह पक्का मकान मेरे परिवार के लिए सपने के सच होने जैसा है। अब हमारे पास रहने के लिए पक्का और सुरक्षित घर है। पक्के घर के बन जाने से हमें बहुत खुशी महसूस हो रही है। इसी प्रकार सुकमा निवासी भीमा ने बताया, पहले हमें बरसात के दिनों में काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब हम आराम से जीवन बिता जी रहे हैं। हमें अब बरसात में पानी टपकने की फिकर नहीं होती और ना ही सांप बिच्छू का डर होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना से मेरे जैसे लोगों का पक्का मकान बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और प्रशासन को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ।

# अस्पताल की अव्यवस्था पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की

## सांसद ने अधिकारियों को लगाई फटकार,छात्रावास के छात्रों से समस्याओं की जानकारी ली

■ बस्तर सांसद ने विकास कार्यो का भूमिपूजन किया





**जगदलपुर 12 जनवरी।** औचिक निरीक्षण के दौरान सरकारी अस्पताल की अव्यवस्था को देखकर आज शनिवार को बस्तर सांसद महेश कश्यप ने नाराजगी जाहिर की है. नाराजगी जाहिर करते हुए सांसद ने तत्काल ही सम्बंधित अधिकारी को फटकार लगाते हुए जल्द व्यवस्था सुधार करने के निर्देश दिए है. बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने बस्तर जिले के अंतिम छोर में बसे सुदूर ग्राम पखनार पहुंचे हुए थे. कार्यक्रमों में शामिल होने से पूर्व बस्तर सांसद पखनार में स्थित छात्रावास पहुंचे. यहां उन्होंने छात्रावास में रहने वाले छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी. इसके बाद सांसद ने छात्रों को जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया. छात्रावास के बाद सांसद सीधे पखनार के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे. अस्पताल पहुँचने पर सांसद ने वहां मौजूद स्थितियों सहित स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही यहां सांसद ने कुछ मरीज और उनके परिजनों से मुलाकात की. मरीज और उनके परिजनों ने सांसद को अस्पताल में फैली अव्यवस्था से अवगत कराया. शिकायत मिलने और अस्पताल में फैली अव्यवस्था को लेकर सांसद नाराज हो गए. नाराज सांसद ने तत्काल ही सम्बंधित अधिकारी को फ़ोन लगाकर फटकार लगाई. इसके साथ ही सांसद ने अस्पताल में फैली अव्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारी को दिए है. इस दौरान बस्तर सांसद ने कहा कि क्षेत्रवासियों के सभी सुविधाएं जिला प्रशासन मुहैया करवाये। स्वास्थ्य सुविधाओं को ले कर किसी भी प्रकार की कोताही ना बरता जाये।

### सांसद ने विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने आज सांसद व विधायक निधि से स्वीकृत ग्राम पंचायत पखनार -1 , ग्राम पंचायत नीलेगोंडी बोदेनार,ग्राम पंचायत केलाउर,ग्राम पंचायत पखनार 3 में सीसी सड़क,पुलिया सहित अन्य विकास कार्यो का भूमिपूजन किया है।

# छोटे दुकानदारों के लिए पीएम स्वनिधि योजना वरदान

■ 726 पथ विक्रेताओं को 1 करोड़ 10 लाख रुपए का सिक्योरिटी फ्री लोन वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 12 जनवरी।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नगरीय निकायों में पात्र हितग्राहियों का चयन कर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने बैंक अधिकारियों को समन्वय बनाकर शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

इसी तारतम्य में नगर पालिका सुकमा में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं मातृत्व वंदन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, पीएम जनधन योजना, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक योजना का लाभ दिलाया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पीआर कोर्राम के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद में शिविर लगाकर नागरिकों, लाभान्वित पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कर पात्रतानुसार शासन की अन्य महत्त्वपूर्ण योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की जा रही है। नगर पालिका परिषद सुकमा में 06 जनवरी से 11 जनवरी तक स्वनिधि से समृद्धि शिविर का आयोजन किया जा रहा है।प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से पथ विक्रेताओं एवं छोटे व्यापारियों को 50 हजार तक का सिक्युरिटी फ्री लोन दिया जा रहा है। इसमें किसी भी प्रकार की गारंटी की आवश्यकता नहीं है। सुकमा निवासी कोई भी पात्र नागरिक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। जिले में अब तक कुल 726 पथ विक्रेताओं को 1 करोड़ 10 लाख की ऋण राशि प्रदान किया जा चुका है। इससे छोटे दुकानदारों को बहुत बड़ी आर्थिक सहायता मिल रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत हितग्राहियों का पंजीकरण किया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 12 जनवरी।** शहरी गरीबों को किफायती और स्थायी आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत नगर पालिका परिषद सुकमा क्षेत्र में 430 कच्चे घरों का सर्वेक्षण किया गया है। इनमें से 89 पात्र हितग्राहियों की ऑनलाइन एंट्री पोर्टल पर पूरी हो चुकी है। शेष पात्र हितग्राहियों का पंजीकरण कार्य तेजी से जारी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय वर्ग के लोगों को किफायती आवास प्रदान करना है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को ब्याज सब्सिडी की सुविधा दी जाती है, जिससे मकान निर्माण या खरीदना आसान हो जाता है।

नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का लक्ष्य हर शहरी निवासी को पक्का घर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि शहरी क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। योजना के तहत पंजीकरण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

### एकलव्य विद्यालय में आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ी

**सुकमा 12 जनवरी।** जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन वेबसाईट पर आमंत्रित किए गये थे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक बढ़ाई गई है। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार 23 जनवरी तक किया जा सकता है। एकलव्य विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तिथि 16 फरवरी निर्धारित किया गया है।

### मुख्यमंत्री के सुकमा आगमन पर नगर पालिका नींद से जागी

**सुकमा 12 जनवरी।** आज मुख्यमंत्री महोदय जी का सुकमा आगमन पर नगर पालिका नींद से जाग गई है आज इतने दिनों बाद रूमी नगर में गौरव पथ पर बारिश से क्षतिग्रस्त को आज बनाया जा रहा है नगर पालिका के गौरव पथ में लाइट लगाया जा रहा है गौरव पथ में पोताई किया जा रहा है कब जमाने से टूटा हुआ डिवाइडर को वेल्डिंग कर सुधारा जा रहा है जबकि जिला मुख्यालय में होने के बावजूद अधिकारी की लापरवाही सामने आई आज मुख्यमंत्री महोदय आने से सभी लोग नींद से जाकर अपने अपने काम काज में भीड़ गए। है इससे ये समझ आ रहा है कि कोई अधिकारी अपना दायित्व निर्वाह नहीं कर रहा है बस वाह वाही ले रहा है।



### राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल होने सुकमा की टीम को राज्य महिला आयोग की सदस्य ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**सुकमा, 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन में जिले के खिलाड़ियों और युवाओं का दल राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2025 में सम्मिलित होने के लिए आज रवाना हुआ। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी ने बस को हरी झंडी दिखाकर टीम को रायपुर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर सुश्री दीपिका सोरी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल युवाओं के लिए प्रेरणादायक होते हैं, बल्कि उन्हें अपने जिले और राज्य का नाम रोशन करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री राजकुमार श्रीवाने, संजय सिंग भदौरिया, जिला खेल अधिकारी श्री वीरूपाक्ष पौराणिक सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## 26 जनवरी तक चलेगा सदस्यता अभियान

# एनएसयूआई संगठन में एक लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य




**रायपुर 12 जनवरी।** प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने अपने सदस्यता अभियान की शुरुआत की है, जिसका लक्ष्य प्रदेश के सभी कालेजों से छात्रों को संगठन से जोड़ना का है। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस अभियान के तहत एनएसयूआई के पदाधिकारी प्रदेश के हर कॉलेज कैंपस में जाकर छात्रों को संगठन से जोड़ने का प्रयास करेंगे। इसके साथ छात्रों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

एनएसयूआई का यह कदम छात्रों के अधिकारों की रक्षा और भाजपा सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए है। कॉलेज कैंपस के जरिए छात्रों को संगठन से जोड़ते हुए उनकी मूलभूत समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने हस्ट्ठ के सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को लक्ष्य पूरा करने के लिए पूरी मेहनत और प्रतिबद्धता से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने इस अभियान को निकाय चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। यह अभियान छात्रों को एनएसयूआई के साथ जोड़ने और कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को छात्रों और युवाओं के बीच ले जाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

एनएसयूआई मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा ने जानकारी दी कि यह सदस्यता अभियान 11 जनवरी से लेकर 26 जनवरी तक निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। इसके लिए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सदस्यता अभियान के पोस्टर विमोचन और पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू , राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा , प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा , संगठन महामंत्री हेमंत पाल , मीडिया चेयरमैन संकल्प मिश्रा , जिला अध्यक्ष शहर शांतनु झा , जिला अध्यक्ष ग्रामीण प्रशांत गोस्वामी ,अंकित पांडेय , संस्कार पांडेय ,उपस्थित हुए। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा साय सरकार की नाकामी का 1 साल पूरा हो गया जिसमें प्रदेश के छात्र छात्राएँ अपने आपको असहाय महसूस कर रहे हैं। स्कूल कॉलेजों में शिक्षक प्रोफ़ेसर नहीं हैं। 33 हज़ार शिक्षकों की भर्ती के नाम पर धोखा दिया गया। किसी भी सरकारी विभाग में भर्ती नहीं निकल रही है। कॉलेजों में सीट नहीं बढ़ रही हैं। कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है, प्रदेश में अराजकता की स्थिति है। असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिल रहा है जिससे स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं समेत माता- बहनें असुरक्षित महसूस कर रही और प्रदेश की भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। बीजेपी के कार्यकाल में स्कूल कॉलेजों की बिल्डिंग का काम ठप है। जिसके ख़िलाफ़ प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध तरीक़े से आंदोलन करेंगे।

## समाचार संक्षेप

### एनएमडीसी किरंदुल सीएसआर के अंतर्गत मछली बीज वितरण



**किरंदुल 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** एनएमडीसी लिमिटेड की महत्वपूर्ण परियोजना बीआईओएम कॉम्पलेक्स, किरंदुल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संजीव साही जी के निर्देशन एवं उप महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री बी.के. माधव के मार्गदर्शन में एनएमडीसी प्रबंधन नैगम सामाजिक दायित?व (सीएसआर) के तहत परियोजना के परिक्षेत्रीय विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इसी के तहत एनएमडीसी प्रबंधन ने अपने आसपास के ग्रामवासियों के जीवन स्तर और जीवन यापन हेतु आदिवासी किसानों की मांग पर सीएसआर के अन्तर्गत मछली बीज वितरण ग्राम माहराहाउरनार, समलवार, अलनार, गुमियापाल, पिरनार, हिरोली, मदाड़ी/पेरपा, कोड़ेनार, पालनार, हितावर,गोंगपाल, कलेपाल एवं चोलनार के आदिवासी किसानों को किया गया। इस दौरान परियोजना प्रबंधन की ओर से श्री विवेक कुमार रक्षा, प्रबंधक (सीएसआर) एवं श्री एस.आर.गावडे,प्रबंधक (सिविल)/सीएसआर के साथ विभिन्न ग्राम के सरपंच व ग्रामवासी उपस्थित थे। परियोजना प्रबंधन द्वारा स्वरोजगार अवसर प्रदान करने के इस सराहनीय व प्रशंसनीय कार्यों का स्थानीय आदिवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी कर रहे हैं सुबह से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



**बचेली 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में व माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन अर्बन अंतर्गत नगर पालिका बड़े बचेली के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कृष्णा राव द्वारा प्रतिदिवस प्रातः कालीन नगर का भ्रमण किया जा रहा हैं। जिसमें सड़कों की सफाई, नाली की सफाई का निरीक्षण व्यावसायिक क्षेत्र की सफाई निरीक्षण,तड़ूक्क की सफाई निरीक्षण,स्क्रूरूसेंटर कम्पोस्ट शेड एवं डोर टू डोर का निरीक्षण किया जा रहा हैं। जिसमे देखा जा रहा हैं कि पालिका के सफाई कामगार स्वच्छता दीदियां सुबह से ही अपने कामों और नगर सफाई में लग जा रहे हैं । इतनी ठंड में भी कर्मचारी सड़क सफाई डोर टू डोर एवं अन्य सफाई कार्य में लगे हुए हैं पालिका सफाई के मामले में कोई कसर नहीं छोड़ रहा हैं।

### शहर को मिलेगी ट्रांसपोर्ट नगर में जरूरी सुविधाएं



**बचेली 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका बड़े बचेली मे दशकों से बेतरतिब खड़ी मालवाहक ट्रकों को व्यवस्थित करने हेतु राज्य शासन, जिला प्रशासन के द्वारा निकाय के बीटीओए के ट्रक पार्किंग एरिया मे वाहन चालकों हेतु शेड, केंटीन, शौचालय, तार फेंसिंग, बोरवेल, पुलिया एवं स्ट्रीट लाइट हेतु 90.00 लाख स्वीकृत किया गया है मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया की कार्य की स्वीकृति जिला खनिज न्यास निधि से 90.00 लाख की हुई है जिसमे लगभग 500 वाहन पार्किंग की सुविधा मिलेगी जिसके लिए नगर पालिका द्वारा ई टेण्डर प्रकाशित किया गया है जिसकी अंतिम तिथि 21.12.2025 है नगर के समस्त नागरिकों की माँग को शासन द्वारा पूरा करते हुए स्वीकृति प्रदाय किया गया है जिससे नगर मे खुशी का माहौल है बीटीओए एवं वाहन चालाक संघ द्वारा शासन का आभार प्रकट किया गया है निर्माण के बाद शहर मे मुख्य मार्ग मे खड़े वाहनों को सुविदा युक्त पार्किंग मिलेगी।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनाः पथ विक्रेताओं के लिए बनी वरदान

**उतर बस्तर कांकेर 12 जनवरी।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जो कि शहरी पथ विक्रेताओं के लिए कोविड महामारी के बाद पुनः आत्मनिर्भर बनाने के लिए जून 2020 में लागू की गई थी। उक्त योजना के तहत् पथ विक्रेताओं के आपने व्यवसाय को पुनः प्रारंभ करने अथवा आगे बढ़ाने हेतु प्रथम 10 हजार रूपये का ऋण बिना किसी सेक्युरिटी के 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर बैंको के द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। हितग्राही के द्वारा लोन सही समय पर अदा करने पर द्वितीय 20 हजार रूपये प्रदान किया जाता है एवं 20 हजार रूपये सही समय पर अदा करने तृतीय 50 हजार रूपये का ऋण दिया जाता है।

एक नजर

## नगरपालिका के विभिन्न वार्डो में चला स्वच्छता अभियान




**बीजापुर,12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार नगरपालिका बीजापुर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देशन पर सीएमओ श्री बंशीलाल नुरेटी द्वारा स्वयं के उपस्थिति में विभिन्न वार्डो के नाली की सफाई एवं शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई, पेयजल की आपूर्ति एवं डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण के कार्यो का निरीक्षण करते हुए सभी कर्मचारियों को नियमित सफाई कराने नगरपालिका के सभी वार्डो में स्वच्छता का पालन करने के निर्देश दिया गया।

## भारतीय खो खो संघ ने प्रथम विश्वकप के लिए छत्तीसगढ़ के 3 राष्ट्रीय निर्णायकों को आमंत्रित किया







**भिलाई, 12 जनवरी।** भारतीय खो खो संघ द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम नई दिल्ली में दिनांक 13 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तकपहला विश्वकप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 22 देशों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों सहित ऑफिशियलस का दल भाग ले रहे हैं। उक्त विश्वकप में छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के महासचिव तरूण शुक्ला के साथ राष्ट्रीय निर्णायक फिरोज़ रहमान एवं सुश्री रुक्मणी यादव को भारतीय खो खो संघ द्वारा तकनीकी ऑफिसियल के रूप में नियुक्त किया गया है, जो राज्य के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। जिसमें भाग लेने के लिए तीनों ही ऑफिशियल नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। तीनों ऑफिसियल की नियुक्ति के लिए भारतीय खो खो संघ का धन्यवाद करते हुए छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा जी, गोविंद मुदलियार, उमेश सिंह, ललित वर्मा , अक्षत गोयल, पुरन जायसवाल, सुब्रत शाह, देवेंद्र गुप्ता, प्रमोद तिवारी, दूंगा राम गोटा, धर्मेन्द्र कुमार, नरेश शुक्ला, रघुनंदन प्रसाद गुप्ता, राजेश पांडे, श्री चवन राम साहू, भोलेनाथ चतुर्वेदयी, वीरेंद्र मसिहा, राजेश पांडे, भगत सोनी, भरत कोटेलकर, उत्तम बरसागडेएवं श्री सचि न डोंगरे ने छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के सभी सदस्यों व खो खो के साथियों की तरफ से अपनी शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी विक्रांत शुक्ला ने दी।

## सरस मेला में केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

**रायगढ़, 12 जनवरी।** जिले में पहली बार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में क्षेत्रीय सरस मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिहान की महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है।

सरस मेला में केन्द्र एवं राज्य द्वारा पोषित महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रशिक्षण मंच के माध्यम से जनप्रतिनिधि एवं आम जनों को दिया जा रहा है, ताकि योजना के बारे में लोगों को जागरूकता एवं योजना का लाभ अंतिम छोर के हितग्राही तक पहुंचाया जा सके। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना अंतर्गत 09 थीम आधारित राष्ट्रीय पंचायत पुरुस्कार के संबधं में विस्तृत जानकारी दी गई। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंचायतों में सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण हेतु 17 लक्ष्यों समाहित करते हुए, 09 विषयगत क्षेत्रों का चिन्हांकन किया गया है। बाल हितैषी, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, महिला हितैषी गांव, सुशासन वाला गांव, स्वस्थ गांव, गरीबी मुक्त गांव, आत्म निर्भर बुनियादी वाला गांव, पर्याप्त जलयुक्त गांव एवं स्वच्छ एवं हरित गांव के संबंध में विस्तृत जानकारी श्री राजेश महापात्र जिला समन्वयक एवं श्री चन्द्रेश टांक सहायक जिला समन्वयक, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान द्वारा बताया गया।

# डिप्टी कलेक्टर ने मद्देड़ कन्या छात्रावास में कराया न्यौता भोज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,12 जनवरी । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी योजना न्यौता भोज का जमीनी स्तर पर व्यापक क्रियान्वयन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर हो रहा है। न्यौता भोज के आयोजन के साथ ही कलेक्टर श्री मिश्रा ने बच्चों के साथ समय बिताने, उनको सफलता अर्जित करने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को स्वयं की मेहनत एवं अधिकारी के रूप में सफल व्यक्ति बनने के लिए अपने अनुभवों को साझा कर स्कूली बच्चों को कैरियर गाईडेंस के साथ ही कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने भविष्य निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिया गया। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के अधिकारियों द्वारा लगातार विभिन्न स्कूलों, आश्रमों में न्यौता भोज का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी ने मद्देड़ के कन्या छात्रावास के निरीक्षण के दौरान संस्था में न्यौता भोज का आयोजन कराया। डिप्टी कलेक्टर ने बच्चों से छात्रावास में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं पढ़ाई सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुऐ अपने डिप्टी कलेक्टर बनने की कहानी को साझा कर बच्चों को कड़ी मेहनत और लगन से प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। छात्रावास में डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को अपने बीच पाकर छात्राएं उत्साहित हुई।न्यौता भोज में पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन के अलावा फल एवं खेल सामग्री का वितरण श्री उत्तम सिंह पंचारी द्वारा कराया गया। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत एवं डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उइके सहित बीईओ, मंडल संयोजक एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## जिला सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार ने व्यापारियों के साथ की बैठक



**बीजापुर,12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्ष 5 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं । कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए बाजार मूल्य से कम दर पर आवश्यक निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने व्यापारियों के साथ बैठक की। जिला कार्यालय के इंद्रावती सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला सीईओ ने जिले के छड़, सीमेंट, ईंट के व्यापारियों को अवगत कराया कि इस वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 5 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए है। जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में सामग्री की उपलब्धता आवश्यक है। बेघरों को अपना पक्का आवास मिल सके इस उद्देश्य को लेकर योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपए प्रति आवास की दर से 3 किश्तों में राशि का भुगतान किया जा रहा है।निर्माण सामग्रियों का खरीदी कर आवास पूर्ण किया जाना है, जिसके लिए व्यापारियों से निर्माण सामग्रियों के मूल्यों में शिथिलता करने पर चर्चा की। व्यापारियों ने हितग्राहियों को उचित दरों पर निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। अपना विचार रखते हुए व्यापारियों ने कहा कि सामग्री में भाड़ा आदि के कारण अधिक दर देना पड़ता है, जिसे कम करने हेतु एक ही गांव के सभी हितग्राहियों को एक साथ सामग्री उपलब्धता कराया जाना उचित होगा। व्यापारियों ने हितग्राहियों को उचित दरों पर निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने का भरोसा देते हुए सामग्रियों को निर्बाध गति से आपूर्ति किए जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्री ईश्वर सोनी, रेत परिवहन संघ अध्यक्ष श्री गिरधारी राठी के अलावा श्री जय कुमार नायर, श्री दिनेश केला, श्री गोवर्धन कटला , श्री संजय जैन, श्री हरि रेड्डी के अलावा बड़ी संख्या में जिले के व्यापारी शामिल हुए। जिले के अधिकारियों में आरईएस के ई ई श्री रमेश कुमार नेताम, एसडीओ भोपालपटनम श्रीमती रंजिता अरगले, एसडीओ भैरमगढ़ श्री राजेश मार्कण्डेय के अलावा जिला समन्वयक श्री गंभीर सिंह उपस्थित थे।

## समुदायों को सशक्त बनाने, जीवन बदलने, विशेष बच्चों के लिए एनटीपीसी लारा ने की पहल

**रायगढ़, 12 जनवरी।** रायगढ़। एनटीपीसी लारा ने अपनी अनूठी पहल कनेक्टिंग सोसाइटी एक कदम विकसित भारत की ओर के माध्यम से रायगढ़ के नई उम्मीद अनाथालय के बच्चों के सहायतार्त रोज़मर्रा की जरूरतों की सामानों का प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरानए एक महीने तक चलने वाली राशन सामग्री, जिसमें मुख्य रूप से चावल, आटा, दाल और तेल और चॉकलेट के साथ-साथ कंबल शामिल थे, अनाथालय के लगभग 80 विशेष बच्चों के बीच वितरित किए गए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन बच्चों को पौष्टिक भोजन मिले और वे ठंड के मौसम में गर्म रह सकें। प्यार और स्नेह के एक इशारे के रूप में मेहमानों द्वारा बच्चों को गुलाब की कलियाँ वितरित की गईं।



यह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी लारा एवं श्रीमती अनुराधा शर्मा, अध्यक्षा प्रेरिता महिला समिति ने भाग लेकर बच्चों और अनाथालय प्रबंधन की सहायतार्थ उनका मदत किया। जब एनटीपीसी लारा ने बच्चों को आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं, तो यह कार्यक्रम दयालुता और उदारता के भावों से भर गया। इस दिन को और भी खास बनाने के लिएए बच्चों के लिए इस कार्यक्रम से मिली खुशी और आनंद का जश्न मनाने के लिए केक काटने की रस्म आयोजित की गई। यह एकता और उत्सव का क्षण था जिसने उपस्थित सभी लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी।

## कुटरू में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 20 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**बीजापुर,12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर ब्लॉक के पश्चात भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरू में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह में 20 जोड़े नवदंपति परिणय सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह गरीब एवं मध्यम वर्ग परिवार के लिए एक सुखमय योजना है। छत्तीसगढ़ सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना गरीब माता पिता के लिए सहारा बनी हुई है। इस योजना से समाज में व्याप्त कुप्रथा दहेज प्रथा, बाल विवाह से समाज और परिवार को निजात मिलती है। वहीं माता पिता को शादी की तैयारी एवं आयोजन के लिए भारी भरकम राशि जुटाने और अनावश्यक कर्ज के बोझ से भी मुक्ति दिलाती है। इसलिए समाज में इस योजना को लेकर भी उत्त्साह देखने को मिलता है। इस योजना से निःशुल्क विवाह होने के साथ ही शासन द्वारा 50 हजार का अनुदान स्वीकृत किया जाता है। जिसमें 35 हजार की राशि विवाहित कन्या के खाते में हस्तांतरित की जाती है एवं शेष 15 हजार रूपए से 7 हजार का वर-वधु के लिए कपड़ा एवं श्रृंगार सामग्री तथा 8 हजार प्रति जोड़ा आयोजन में खर्च किया जाता है।कुटरू में आयोजित सामूहिक विवाह बड़े धूम-धाम से किया गया नव दंपत्ति को उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनसमूह ने सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीष प्रदान किया गया।

# ठंड बढ़ने पर समाजसेवी ने स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े किए वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 12 जनवरी। जशपुर जिला मे इन दिनो कडाके की ठंड पड रही है। मौसम के करवट लेने से सर्दी का सितम बढ़ता ही जा रहा है,जिसके वजह से बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी परेशान है,शिक्षक तो स्कूल समय पर पहुंच रहे हैं पर ठिठुरन की वजह से स्कूली बच्चों की उपस्थिति कम देखी जा रही है.बच्चों की कम उपस्थिति की वजह कड़ाके की ठंड और शीतलहर बतायी जा रही है.वहीं मौसम के जानकारों का कहना है कि अभी अगले कुछ दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। इन स्कूली बच्चों को ठंड से बचाने के लिए शिक्षकों द्वारा गर्म स्वेटर पहनाने का नवाचार भी किया जा रहा है जो एक सराहनीय पहल है। शासकीय प्राथमिक शाला कुंजारा के प्रधान पाठक अफ्रोज खान के प्रयास से कुनकुरी के युवा व्यवसायी व समाजसेवी पंकज अग्रवाल के द्वारा यहाँ अध्ययनरत सभी 68 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। बच्चे स्वेटर पाकर अत्यंत खुश दिख रहे थे,बच्चों को स्वेटर मिलने पर स्वजनों ने भी राहत की सांस ली है। संस्था प्रमुख अफ्रोज खान ने बताया कि सरकारी स्कूलों में ज्यादातर गरीब बच्चे पढ़ाई करते हैं.आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के वजह से इनके पास गर्म कपड़ों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होती है. स्थिति यह है कि अधिकांश बच्चे सिर्फस्कूल के पैंट शर्ट पहनकर चले आते हैं और ठंड से ठिठुरते रहते हैं. जिसको देखना काफी पीड़ादायक होता था. इस वजह से बच्चों को स्वेटर दिलाने का प्रयास किया गया जिसके लिए छोटे भाई पंकज अग्रवाल ने हामी भर दी. इस पुनीत कार्य के लिए विद्यालय परिवार व सभी अभिभावक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर संकुल समन्वयक शशिकांत सिन्हा, क्रुसबानी लकड़ा, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रजनीकांत माधुरी तिर्की, सितारा पैंकरा, इंद्रावती बघेल, रघुनाथ सिंह, रामबिलास राम, सुरपति नायक समेत अभिभावक शामिल रहे।



## कृषि महाविद्यालय में मनाया गया विश्व हिन्दी दिवस

**रायगढ़, 12 जनवरी।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बोईरदादर रायगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा विश्व हिन्दी दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी भाषा ज्ञान प्रश्नोत्तरी, रंगोली इत्यादि का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह द्वारा सरस्वती माता के प्रतिमा पर दीप प्रज्जवल के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार गौतम के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिन्दी भाषा की वर्तमान में पौराणिक महत्व को भारतीय जीवन शैली एवं सांस्कृतिक विकास का विस्तृत रूप से बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.आर.राठिया द्वारा हिन्दी दिवस की इतिहास के साथ-साथ साहित्य कला एवं फिल्म उद्योग के विकास में हिन्दी के महत्व को बताया।

## भैरमगढ़ पुराने बस स्टैंड के शौचालय की गंदगी और बदबू आम लोग परेशान

**बीजापुर,12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत भैरमगढ के पुराने बस स्टैंड का शौचालय पिछले क ई दिनों से गंदगी. और बदबू से अटा पडा है पानी की भी वहां प्रर्याप्त सुविधा नहीं है इससे बसो मे सफर करनेवाले यात्रियों और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड.रहा है बताया जा रहा है कि ये सिथति नगर पंचायत. की लापरवाही से हो रहा है खास कर शौचालय कि इस सिथति से महिलाओं को जायदा परेशानी हो रही है सेप्टिक रूम में तो दरवाजे भी नहीं है पूरा. शौचालय गंदगी से अटा पडा है ऐसे में बीमारियों का अंदेशा हो गया है शौचालय की ऐसी बदतर. दसा से भैरमगढ़ के लोगों मे कापी असंतोष है बताया जा रहा है शौचालय के आसपास रहने वाले दुकान दार भी ऐसी सिथति से परेशान है यहां यह भी उल्लेखनीय है भैरमगढ़ में नये बस स्टैंड बनाया गया है पर उसे प्रारंभ नहीं किया गया है नगर पंचायत जल्द ही व्यवस्था में सुधार करें।



## महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का हाईस्कूल मैदान में होगा शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 12 जनवरी।** यहां के हाईस्कूल मैदान मे आज से राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ होने जा रहा है। द्रोणाचार्य क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान मे आयोजित इस प्रतियोगिता मे राज्य स्तर की चार टीमो ने भाग लिया है,जिसमे एल.सी.सी लैलूंगा,एम.सी.सी जशपुर,जे.सी.सी रायपुर,ईलाईट ईग्लस 11 की महिला खिलाडीयां अपने खेल का जोहर दिखाने हाईस्कूल मैदान मे उतरेंगी,इस प्रतियोगिता की आयोजन समिती की ओर से पूरी तैयारियां कर ली गयी है। आयोजको ने प्रथम विजेता टीम को विजेता कप के साथ 51हजार रूपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। उप विजेता टीम को कप के साथ 31हजार रूपये का नगद ईनाम दिया जायेगा,उसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज,बेस्ट बॉलर,बेस्ट फील्डर,बेस्ट बल्लेबाज एवं अन्य पुरस्कारो से महिला खिलाडीयों को सम्मानित किया जायेगा। यह प्रतियोगिता राज्य स्तर पर करायी जा रही है। आयोजको ने खिलाडीयों के लिए आवास एवं भोजन की भी व्यवस्था सुनिश्चित की है। आयोजक समिती के सदस्य अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का क्षेत्र मे यह पहला आयोजन है,जिसमे राज्य स्तर की महिला खिलाडी भाग ले रही है,उन्होने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र मे काफी उत्साह है,दूर-दराज से महिलायें यहा आकर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी। उन्होने बताया कि सभी मैच डयूज बॉल से खिलाया जायेगा। सभी टीमे लीग मैच खेलने के बाद सेमीफाईनल एवं फाईनल मे अपनी जगह बना पायेंगी। पहले दिन का मैच ईलाईट 11 एवं जय हिंद क्रिकेट एकेडमी रायपुर के बीच खेला जायेगा,इसी दिन दूसरा मैच एम.सी.सी जशपुर एवं एल.सी.सी लैलूंगा के बीच खेला जायेगा। उन्होने बताया कि आयोजक समिती को शहर के व्यवसायी एवं समाजसेवियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। चार दिनो तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दिन शनिवार



## कैदी के पेरोल से नहीं लौटने पर हिरासत में लेकर जगदलपुर भेजा

**बीजापुर,12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना मोदकपाल के अपराध क्रमांक 04/2015 धारा 302 भादवि के मामले में केंद्रीय जेल जगदलपुर में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी को पैरोल अवधि समाप्ति पश्चात वापस जेल नहीं जाने पर हिरासत में लेकर भेजा गया जगदलपुर।दिनांक 26/05/2023 को केंद्रीय जेल जगदलपुर से 16 दिन के पैरोल पर अपने गृह ग्राम एंगपल्ली रंगईगुड़ा थाना ईलमिड़ी आया था।बंदी को दिनांक 12/06/2023 को अवकाश समाप्ति उपरांत जेल वापस होना था, किन्तु आजीवन कारावास से दंडित बंदी द्वारा जेल प्रवेश न कर पैरोल नियम की अवहेलना करने पर दण्डित बंदी तिरूपति कोरसा पिता लक्ष्मैया कोरसा उम्र 30 वर्ष निवासी एंगपल्ली थाना ईलमिड़ी के विरूद्ध थाना कोतवाली जगदलपुर जिला बस्तर में प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराई गई।दिनांक 11/01/2025 को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर थाना ईलमिड़ी एवं छसबल द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व से फरार बंदी तिरूपति कोरसा को निवास ग्राम रंगईगुड़ा में दबिश देकर पकड़ा गया।फरार बंदी तिरूपति कोरसा के



# अमरूत 2.0 पेयजल प्रदाय योजना से शहरवासियों को मिलेगा शुद्ध जल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 12 जनवरी।** मांड नदी से शहर को पानी सप्लाई करने वाली पाईप लाईन बेहद जर्जर हो जाने के कारण उसमे से हजारो लीटर पानी हर रोज व्यर्थ मे बह जा रहा है। पानी संग्रहण करने के लिए नगर पंचायत हर साल गर्मी के दिनो मे मांड नदी का तटबंध तैयार कर शहर को पानी देने के लिए कडी मशक्कत करते है,परंतु 20 वर्ष पूर्व बिछायी गयी जल सप्लाई की पाईप लाईन का अब जगह-जगह से टूट फूट हो जाने के कारण नगर पंचायत द्वारा जल संग्रहण के लिए की जा रही तमाम कोशिशे गर्मी मे आकर बेकार हो जाती है। शहर मे वर्ष 2005 के दौरान 40 लाख की लागत से अधिक खर्च कर किलकिला मांड नदी तट से बी.टी.आई चौक तक पाईप लाईन का विस्तार किया गया था,इस योजना के तहत किलकिला मांड नदी के तट पर एक विशाल पंप हाउस के साथ पानी फिल्टर प्लांट की भी स्थापना की गयी थी। 20 सालो से शहर के लोगो को इसी पाईप लाईन के सहारे पानी मिल रहा है,परंतु पिछ्ले कुछ सालो से जंग खाकर पाईप लाईन पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। गर्मी के दिनो मे जर्जर पाईप लाईन का सबसे अधिक खामियाजा उठाना पडता है। किलकिला मांड नदी का सूखने के बाद नगर पंचायत की ओर से वहा नदी और गहरी कर पानी संग्रहण की व्यवस्था बनायी जाती है,जिससे शहर के लोगो को पानी की समस्या से जुझना ना पडे। परंतु जर्जर पाईप लाईन के चलते नगर पंचायत की सारी मेहनत पर पानी फिर जाता है,जगह-जगह से फूटी पाईप लाईन के कारण हजारो लीटर पानी बेकार मे बहता है। नगर पंचायत द्वारा जर्जर पाईप लाईन मे जगह-जगह मरम्मत तो करायी जाती है,परंतु पानी का प्रेशर अधिक रहने के कारण पुरानी पाईप लाईन उसे सह नही पाती। लिहाजा शहर के लोगो तक आने वाला पीने का पानी फूटी पाईप लाईन के जरिये रास्ते मे ही बहकर बेकार हो जाता है।।

**जनसंख्या दर मे डेढ गुना हुई वृद्धि-:**वर्ष 2005 के दौरान शहर के लोगो को जल आपूर्ति प्रदान करने के लिए बिछायी गयी पाईप लाईन दो दशक पुरानी हो चुकी है,उसके अलावा वर्ष 2005 से 2025 तक शहर की जनसंख्या मे डेढ गुना वृद्धि हो चुकी है,जनसंख्या वृद्धि के अनुपात पुरानी एवं जर्जर पाईप लाईन से शहर के लोगो को समुचित पानी प्रदान करना टेढी खीर साबित हो रही है। ऐसे मे गर्मी के दिन आते ही अधिकांश वार्ड मे पानी की किल्लत लोगो को सताने लगती है। शहर के लोगो को समुचित पानी की व्यवस्था प्रदान करने के लिए नगर पंचायत के अलावा अब पी.एच.ई विभाग को भी नया प्रस्ताव तैयार कर समुचित पानी मिलने का प्रयास करने की ओर ध्यान देना चाहिये।।

**अमरूत 2.0 से मिलेगा शुद्ध जल-:**शहर के लोगो को शुद्ध जल प्रदान करने के लिए नगर पंचायत ने नयी योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। सी.एम.ओ जावेद खान ने बताया कि अमरूत 2.0 जल प्रदाय योजना के तहत शहर के लोगो को समुचित पानी देने की योजना पर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जर्जर पाईप लाईन की मरम्मत के बाद भी गर्मी के दिनो मे वार्ड वासीयों को पीने के पानी की कमी होती है,जिस पर अब अमरूत 2.0 जल प्रदाय योजना मे नया प्रस्ताव के जरिये नयी पाईप लाईन विस्तार पर योजना तैयार की जा रही है।।

# कलेक्टर व एसपी ने हेलमेट जागरूकता बाइक रैली को किया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 जनवरी।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 4 से 31 जनवरी तक 35वां सड़क सुरक्षा माह कार्यकम मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में हेलमेट के प्रति जागरूकता लाने एवं लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु हेलमेट जागरूकता का रैली आयोजित किया गया। सडक सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत पूरे माह जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले में सिड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत 11 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के आठवें दिन बलौदाबाजार में हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी को यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाया गया, तत्श्चात कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा झंडा दिखाकर हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली को रवाना किया गया। इस रैली का उद्देश्य हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना एवं अधिक से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस टीम द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन कर बलौदाबाजार नगर के सभी प्रमुख मार्ग एवं चौक चौराहा का भ्रमण किया गया एवं लोगों से मोटरसाइकिल चालन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की गई।




जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## समाचार संक्षेप

### नगर पंचायत सीएमओ ने वार्डों का भ्रमण कर लिया सफाई का जायजा



**भखारा, 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार नगर पंचायत भखारा में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर में तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। नगर पंचायत भखारा के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ प्रतिदिन सुबह नगर के अलग-अलग वार्डों का भ्रमण कर सफाई कार्य का जायजा ले रहे हैं। नगर में कचरा फेंकने वाले स्थानों को चिन्हांकित कर वहां विशेष सफाई अभियान का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन एवं कचरे के सही प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### देवी भागवत के छठवें दिन तीन देवियों की हुई कथा व राममंदिर स्थापना उत्सव पर मनाया गया दीपोत्सव



**भाटापारा, 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा में नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा आयोजित कल्याण क्लब मैदान में छठवें दिवस की देवी भागवत पुराण कथा में संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा ने आज महागौरी, चामुंडा कालरात्रि, देवियों का चरित्र एवं चड- मूंड, धूम्र-लोचन, रक्तबीज जैसे महादैत्यो के वध की कथा का वाचन किया जिसमें धूम्र-लोचन को मोह की संज्ञा दी। वही रक्त-बीज को हमारे अंदर रहने वाले लालच का नाम दिया जो कभी खत्म नहीं होता है। क्रोध को शांत करने के लिए ज्ञान की जगह भक्ति की कहानी बताई जिसमे संत एकनाथ की कथा बताई। एक नाथ की कथा का उद्देश्य गुस्से को काबू कर किसी भी परिस्थिति को नियंत्रित करने की क्षमता और अपने तरफस्थितियों को लाने की ताकत का सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया। कथा पंडाल के अंदर आयोजकों के द्वारा आज की तिथि में अयोध्या में स्थापित राम मंदिर एवं उसमें भगवान की स्थापना का उत्सव मनाते हुए सैकड़ो दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया।

## एक नजर

### प्राचार्य गौरव सोनी ने थर्ड आफिसर रैंक प्राप्त किया

**तिल्दा-नेवरा, 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीएमश्री प्रियदर्शिनी



शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय नेवरा तिल्दा के गौरव प्राचार्य दुष्यंत सोनी ने अफसर ट्रेनिंग एकेडमी कामटी, महाराष्ट्र से दो महीने का प्री कमीशन कोर्स पूरा क्र्र कर एसोसिएट एन सी सी अफसर के रूप में थर्ड ऑफिसर रैंक प्राप्त किया है। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल (महामंत्री, भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण), लेमिक्षा गुरु डहरिया (अध्यक्ष न. पा. परिषद तिल्दा नेवरा), विकास सुखवानी उपाध्यक्ष न. पा. परिषद तिल्दा नेवरा) सौरभ जैन (महामंत्री, भाजपा तिल्दा शहर), मनोज निषाद (अध्यक्ष, शाला विकास समिति) ने दुष्यंत सोनी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नगर के लिए गौरव का विषय है और इससे छात्र - छात्राएं आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। अफसर ट्रेनिंग एकेडमी कामटी, महाराष्ट्र में देश के अलग-अलग राज्यों से आए करीब 400 शिक्षकों के साथ उन्होंने आर्मी ट्रेनिंग के दो महीने का मुश्किल कोर्स पास कर यह रैंक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से शाला परिवार के साथ -साथ, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति भी गौरन्वित है। यह प्रशिक्षण एन सी सी के माध्यम से छात्र - छात्राओं में अनुशासन, देश - प्रेम की भावना, कर्तव्यनिष्ठा व अच्छे नागरिक बनने हेतु आवश्यक सभी विशेषताओं को विकसित करने में सहायक होगा।

### बहुउद्देश्यीय हाल निर्माण का भूमिपूजन 13 को

**तिल्दा-नेवरा, 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोक निर्माण विभाग जिला रायपुर के ब्लॉक तिल्दा नेवरा में बहुउद्देशीय हाल के निर्माण कार्य का भूमि पूजन 13 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे बद्रीनारायण बगड़िया हाई स्कूल नेवरा में भूमि पूजन का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह सांसद बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा विधायक आरंग खुशवंत गुरु विधायक अनुज शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ल मीक्षा गुरु डेहरिया रायपुर जिला ग्रामीण के बीजेपी अध्यक्ष श्याम नारंग भाजपा नेता अनिल अग्रवाल की उपस्थिति में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न होगा।

### लेखराम गोबरा नवापारा नपा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

**भखारा, 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर ने



अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के नगरपालिका गोबरा नवापारा चुनाव के लिए पूर्व विधायक लेखराम साहू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।बता दें कि आगामी होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है और आगामी चुनाव के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैन्दू की अनुशंसा पर कुरुद के पूर्व विधायक लेखराम साहू को गोबरा नवापारा नगरपालिका का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में बालोद भाजपा मंडल की हुई बैठक

# इस बार पालिका में भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष बैठाना है : यशवंत जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 12 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बालोद की बैठक स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में रखा गया। वरिष्ठ नेताओं ने अपने उद्गार रखे। बैठक में आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहाली वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष मनाने पर भी विस्तृत चर्चा हुई।



**बैठक में व्यवस्थाओं को लेकर प्रभारी बनाए गए**

मीटिंग में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और आने वाले नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी 10 साल मे नगर पालिका समर्थित अध्यक्ष है। इस बात को भी जनता तक पहुंचाना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं को कहा कि अटल के जन्म शताब्दी का वर्ष चल रहा है इस अवसर पर भाजपा मंडल बालोद हमारे बुजुर्गों के लिए कंबल का वितरण कर रहा है। आप सभी अपने वार्डों में इसका कम को लेकर तैयारी में लग जाए और आने वाले पालिका और पंचायत चुनाव ज्यादा दूर नही है सभी अभी से कमरकस लो और मैदान में उतर जाओ इस बार हमें पालिका में भाजपा का अध्यक्ष बैठाना है।

इस बैठक में पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश यादव व लीला शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय कमलेश सोनी व सुरेश निर्मलकर, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, भाजपा नेता पालक ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रतिभा चौधरी, भाजपा जिला मंत्री अम्बिका यादव, महामंत्री नरेन्द्र सोनवानी व संतोष कौशिक सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कन्या शाला में चलाया गया आत्मसुरक्षा का अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 12 जनवरी।** किरण इंवेट फ्यूजन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी एवं नगर पालिका कन्या स्कूल शाला भाटापारा में, कवच, आत्म सुरक्षा, व्यक्तिव निर्माण, स्वास्थ जागरूकता महाअभियान का आयोजन किया गया जिसमें समाज सेवी अरूण बंटी छाबड़ा द्वारा छात्राओं को स्वेटर वितरित किया गया तथा इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डा.आशीष जीवनमल डा .पूनम आडिल ने छात्राओं को स्वस्थ संमधित जानकारी दी यातायात प्रभारी पुलिस हेमन्त पटेल ने हेलमेट पहनना, सिग्नल का ध्यान रखना, सड़क सुरक्षा, गाड़ी का बीमा कराने से फायदे, की जानकारी दी डा. वीणा साहु ने कवच आत्म सुरक्षा व्यक्तिव निर्माण के बारे में जानकारियां दी आर पी पटेल सर ने छात्राओं को कवच सारांश समझाया एवं छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया लगभग 540 बच्चों ने इस कैंप में भाग लिया तथा विभिन्न विषयों पर बहुत ही उमंग के साथ छात्राओं ने सुना और सवाल के जवाब भी दिए इस कार्यक्रम में गायत्री आडिल अनिता छाबड़ा सुधीर मिश्रा सुनील दुबे अनिल जयसवाल आलोक मोदी, स्वरूप अग्रवाल पुजा अग्रवाल गुलशन वर्मा पूर्वाशं छाबड़ा एवं सभी स्कूलों के प्राचार्य शिक्षक, शिक्षिका, आदि उपस्थित रहे।




## यातायात को बेहतर बनाने के लिए ई चालान शुरू किया

**भाटापारा, 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर शहर मे बेहतर यातायात बनाने के लिए ई चालान की शुरूवात की गई है इसके लिए कैमरे यातायात थाना नया बस स्टैण्ड मे लगाया गया है इसके तहत अगर तीन सवारी रोड पर यातायात बाधित कर रहे है इसकी फोटो खींचकर सीधे यातायात थाने को भेजी जायेगी इसके बाद गाडी नं. से उसकी पहचान होगी कि गाडी किसकी है जिसमे उसका रजिस्ट्रेशन, ड्रायविंग लाईसेंस आदि सब देखा जायेगा अगर पुलिस फाईन बनाती है तो 300 से 500 रूपये तक जुर्माना होगा अगर कोर्ट गया तो उसका निर्णय न्यायालय से होगा। वही यातायात विभाग ने इस संबध मे बताया कि इसके लिए मुंगेली मोटर स्टेण्ड, सदर बाजार, हटरी बाजार, ओवर ब्रिज, जैसे इलको को चिन्हित किया गया है जहां पर तीन सवारी, फटाके की आवाज वाले दुपहिया वाहनो को टारगेट किया जायेगा। यातायात टी.आई.हेमंत पटेल ने सभी बैंको के मैनेजरो को स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि सडक पर अगर वाहने खडी मिली तो ई चालान काटी जायेगी शहर मे बीते तीन दिनो से काफी संख्या मे ई चालान की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। इसके साथ ई चालान वाहन मालिक के पते पर पहुंच जायेगा।

## सरस्वती शिशु मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ व स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई




**भखारा, 12 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत भखारा के सरस्वती शिशु मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ एवं स्वामी विवेकानंद जयंती सोमवार 11 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं राम दरबार पर दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में योगेश्वर उपाध्याय उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष 22 जनवरी को पौष माह के शुक्ल पक्ष की कूर्म द्वादशी पर श्रीधाम अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव उत्साह के साथ पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर वक्ता योगेश्वर उपाध्याय ने बताया कि रामलला की वर्षगांठ पहले मनाए जाने मुख्य कारण हिंदू वैदिक पंचांग और सनातन धर्म के नियमों का पालन करने के कारण हुआ है। वर्ष 2025 में पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि 11 जनवरी को है। इसलिए इस वर्ष 11 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की वर्षगांठ का आयोजन किया गया जिसमें सनातन धर्म में पंचांग का विशेष महत्व है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेश्वर उपाध्याय, विष्णु साहू, रामकृष्ण नेताम, अमन जैन उपस्थित रहे। संस्था के व्यवस्थापक भुपेंद्र यादव, प्रधानाचार्य कुंजबिहारी साहू के माध्यम से विद्यार्थियों को धर्म के लिए प्रेरित किया गया जिसमें संस्था सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित रहे।

# दाल मिल में लगी भीषण आग, लाखों के नुकसान का अनुमान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 12 जनवरी।** भाटापारा ग्रामीण पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की मदद से ग्राम सूरजपुरा स्थित दाल बेशन मिल में लगी आग को बुझाया गया। 12 जनवरी की सुबह 7 बजे ग्राम सूरजपुर स्थित शीतल इंडस्ट्रीज दाल बेसन मिल में भीषण आग लग गई सूचना मिलने पर थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस का बल, तत्काल घटना स्थल ग्राम सुरजपुरा पहुंचा, जहां पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा क्षेत्र, एसडीओपी भाटापारा, थाना भाटापारा ग्रामीण से उप निरीक्षक संदीप बंजारे, प्रधान आरक्षक रोहित सिंह एवं संघर्ष तिवारी की पुलिस टीम द्वारा फायर ब्रिगेड की मदद से मिल में लगी आग पर काबू पाकर उसे बुझाया गया। वर्तमान में पुलिस टीम एवं फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर बनी हुई है तथा आग को पूरी तरीके से बुझाने का काम अभी भी जारी है।



**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट निपनिया (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र..........ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम- गुड़ाघाट प.ह.नं. 23 तह. भाटापारा

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सुचित किया जाता है कि आवेदक जलेश्वर गड़रिया पिता आजुराम गड़रिया निवासी ग्राम गुड़ाघाट तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र हुलाश (पिता का नाम जलेश्वर माता का नाम सुखमैतिन) का जन्म दिनांक 15/12/2005 को (स्थान) ग्राम गुड़ाघाट तहसील भाटापारा का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव गुड़ाघाट तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनाक 15/01/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 15/01/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/12/2025 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार/कार्यपालिक
दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)

## युवा उत्सव एवं मकर संक्रांति पर सूर्य नमस्कार एवं रैली का आयोजन

# स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधने का काम किया : यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 12 जनवरी।** नगर के मिनी स्टेडियम में जिला भारोत्तोलन संघ, पतंजलि योग समिति एवं सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा उत्सव)एवं मकर संक्रांति के पुण्य अवसर पर सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष यशवंत यादव अध्यक्षता रिंकू सचदेव कोषाध्यक्ष शिशु मंदिर समिति विशेष अतिथि के रूप में शिशु मंदिर प्राचार्य संतोष वर्मा, समाजसेवी शीतल ध्रुव एवं पतंजलि युवा भारत सोशल मीडिया राज्य प्रभारी मिथलेश सिन्हा थे।

सर्व प्रथम मां सरस्वती, मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर, पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित सभी जनों को वरिष्ठ योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा ने सूर्य नमस्कार एवं योग कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भारोत्तोलन संघ अध्यक्ष, भारत स्वाभिमान न्यास के संरक्षक यशवंत यादव कहा कि स्वामीजी के शिकागो के धर्म सभा में दिए भाषण को याद करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद शिकागो धर्म सभा में भाइयों एवं बहनों से संबोधित कर पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधने का काम किया। उनके जीवन से हमें एकाग्रता, देशप्रेम एवं लक्ष्य प्राप्ति करने तक नहीं रूकने की प्रेरणा मिलती है। संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी. और संचालक विवेक आचार्य ने भी संबोधित किया।वरिष्ठ समाजसेवी शीतल ध्रुव ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से मानी जाती है। माना जाता है कि रायपुर आते समय रास्ते में एक मधुमक्खी का छत्ता देखकर उनके मन में अध्यात्म का बीज रोपित हुआ। बाद में रायपुर के दूधाधारी मठ, जैतुसाव मठ और महामाया मंदिर में होने वाले धार्मिक आयोजनों ने आध्यात्म के इस बीज को वृक्ष के रूप में विस्तार दिया। स्वामी विवेकानंद ने वर्ष 1877 में रायपुर की धरती पर कदम रखा था। तब उनकी आयु महज 13-14 साल की थी।

सचदेव ने स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी। पतंजलि युवा भारत सोशल मीडिया राज्य प्रभारी योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने बताया कि योग के संबंध में, स्वामी विवेकानंद एक बार बहुत ही गहराई से कहा था:÷मन को कंपन की उच्च अवस्था में लाना योग में एक शब्द समाहित है - समाधि।÷योग शाश्वत ईश्वर और दिव्यता की ओर ले जाने वाला मार्ग है। आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्य संतोष वर्मा ने कहा कि हमें स्वामी के मार्ग में चल कर भारत को जग सिरमौर बनाना है। कार्यक्रम में किरण वर्मा, ओम डहरिया, हरीश शर्मा, सेवक निषाद, अजय पाण्डेय, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, होरीलाल साहू, भारती यादव, मैनाज बेगम, सीताचरण नेताम, सरस्वती सिन्हा, कविता यदु, पूजारानी खुटे, अलका सिन्हा, निधिका शाह, टेकेश्वरी तारक, हेमलता नाग, डिगेश्वरी यदु एवं भैया बहिन उपस्थित थे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में ठंड का दौर जारी

**रायपुर , 12 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है. कहीं गुलाबी ठंड का असर दिख रहा है तो कहीं सर्द हवाओं का कहर है. प्रदेश में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने वाली है. जिससे लोगों को ठंड से हल्की राहत मिल सकती है. शुक्रवार को प्रदेश में सबसे अधिकतम तापमान 29.0एष्ट रायपुर और जगदलपुर में दर्ज किया गया. वहीं अंबिकापुर में 04.3एष्ट और बलरामपुर में 3.7एष्ट तापमान दर्ज किया गया. मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में मौसम शुष्क रहने वाला है. छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है. वहीं प्रदेश में दो दिनों के बाद एक-दो स्थानों पर अति हल्की से हल्की बारिश की आशंका है।

### एक -दूसरे पर जानलेवा हमला करने वाले 4 गिरफ्तार

**रायपुर, 12 जनवरी।** राजधानी रायपुर के आजाद चौक थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक- दूसरे पर जानलेवा हमला करने वाले दो पक्षों के चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर चाकू से हमला किया था जिसमें दो लोग घायल हो गये थे जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। बता दें कि दिनांक 09.01.25 की रात्रि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत विप्र भवन समता कालोनी के पास पुराने विवाद को लेकर एक पक्ष के आलोक कामड़े, रोशन विश्वकर्मा तथा अमन कामड़े का दूसरे पक्ष के गोलू मरकाम, वैष्णव मरकाम तथा भुवन बर्वे के साथ विवाद हुआ था। जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक - दूसरे को गाली गलौच देते हुये जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये अपने पास रखें चाकू से एक-दूसरे को मारकर चोट पहुंचाये। जिसमें प्रथम पक्ष के आलोक कामड़े व द्वितीय पक्ष के वैष्णव मरकाम को गंभीर चोट आने से उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में दोनों पक्षों ने एक - दूसरे के विरूद्ध थाना आजाद चौक में शिकायत दर्ज कराई थी।

## निधन

### अजय उके



**रायपुर।** जनता कालोनी गुढियारी निवासी अजय उके का 12 जनवरी को निधन हो गया।उनकी शवयात्रा उनके निवास स्थान से शाम 4 बजे निकलेगी, उनका अंतिम संस्कार कोटी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# जंग में कत्ल सिपाही होंगे सुर्खरु जिल्ले इलाही होंगे




बीजापुर नक्सली हमले में आईईडी विस्फोट में डीआर जी के 8 जवान और एक चालक शहीद हो गए।कहते हैं कि फॉक्सहोल तकनीक से नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया, 2 साल में यह सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है।एंटी नक्सल ऑपरेशन से लौट रही सुरक्षाबल की टीम को नक्सलियों ने निशाना बनाया,गाड़ी को आईईडी से उड़ा दिया।बता दें कि पिछले 24 साल में कुल 1197 ब्लास्ट हुए, जिसमें 1313 जवान शहीद हुये।बीजापुर के बेदरे - कुटरू रोड पर दोपहर सवा दो बजे नक्सलियों ने हमला किया।अंबेली गांव में ही नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया, काफिले में शामिल स्कॉर्पियो को निशाना बनाया गया,इस गाड़ी में डीआरजी के 10 से ज्यादा जवान सवार थे धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर 10 फीट का गड्ढा हो गया, गाड़ी के कुछ पार्ट्स 20 फीट ऊंचे पेड़ की शाखों पर अटके पड़े मिले।सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल के मंजर से पता चलता है कि माओवादियों ने विस्फोट के लिए फॉक्स होल टेकनीक का इस्तेमाल किया था,टेक्नीक में माओवादी सड़क पर बड़ा सा गड्ढा खोदते हैं,फिर इन गड्ढों को विस्फोटक, पत्थरों से भर देते हैं। एंटीमाइन ऑपरेशन में इन गड्ढों का पता नहीं चल पाता है। जब माओवादी किसी धमाके को अंजाम देने वाले होते हैं तो गड्ढों को विस्फोटक से भर देते हैं, ऊपर से पत्तों से ढक देते हैं, नक्सलियों ने ब्लास्ट पक्की सड़क पर किया था ऐसी आशंका है कि सुरक्षा के कई मानकों की अनदेखी की गई है।

### आईईडी बम डिटेक्ट क्यों नहीं हुआ

नक्सलियों के बिछाए गए आईईडी बम को डिटेक्ट करने के लिए मोबाइल ट्रेस0 हैंडहेल्ड ट्रेस डिटेक्टर मशीन का इस्तेमाल करते हैं। यह मशीन जमीन के भीतर दफन आईईडी बम को आसानी से डिटेक्ट कर लेती है। इस धमाके में आरओपी में तैनात जवान जमीन के अंदर दफन बम को इसलिए नहीं पहचान पाए क्योंकि यह डिटेक्टर मशीन केवल 2 फीट अंदर दफन बम की पहचान कर सकती है।नक्सलियों द्वारा 60 किलो का आईईडी बम जमीन के 5/6 फ़ीट अंदर दफनाया गया था! इसी वजह से बम का पता नहीं लग पाया। जवानों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हैंडहेल्ड ट्रेस डिटेक्टर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को आसानी से पहचान जाती है लेकिन,जमीन की गहराई में दफ़न का पता लगाना मशीन के लिए भी नामुमकिन था।डीआरजी (जिला रिजर्व गार्ड) जवान नक्सलियों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि डीआरजी की टीम में स्पेशल जवानों की भर्ती होती है।डीआरजी में वही सुरक्षाबल शामिल होते हैं जो,बस्तर या इसके आस -पास के क्षेत्र के होते हैं। इन सुरक्षाबलों को आस पास की स्थानीय भाषा आती है। ये जवान बस्तर के लोगों से घुल-मिल जाते हैं। डीआरजी जवानों के इन गुणों के कारण फोर्स को ऑपरेशन में सफलता मिली है।नक्सलियों की भाषा, आम बोल-चाल वाली होती है। मुखबिरों से भी डीआर जी जवानों के अच्छे संपर्क होते हैं। इसे डीआरजी जवान आसानी से समझ जाते हैं।

### 6 साल बाद लखन मिश्र की प्रतिमा का अनावरण



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लखनलाल मिश्र की प्रतिमा का अनावरण,मूर्ति स्थापना के करीब 6 साल बाद आखिर हो ही गयाज जब मूर्ति दुर्ग सर्किट हॉउस के बगल में लगी थी तब डॉ रमनसिंह छ्ग के सीएम थे और बतौर विस अध्यक्ष उन्होंने प्रतिमा का लोकार्पण किया।आईएएस से सेवा निवृत होकर भाजपा की सदस्यता लेने वाले पूर्व आई एएस गणेश शंकर मिश्रा का कहना है कि उनके भाजपा प्रवेश के चलते ही पिछली कॉग्रेस सरकार ने उनके पिता, एक स्वतंत्रता सेनानी की पूरे 5 साल तक मूर्ति का अनावरण नहीं होने दिया..! क्या आजादी के दीवानों को भी कांग्रेस- भाजपा में बाँटना चाहिये.? दुर्ग रेल्वे स्टेशन में 15 दिसम्बर 19 45 को बतौर थानेदार,बावर्दी पं.लखन मिश्र ने कांग्रेस के बड़े नेता,पूर्व कलेक्टर(आईसीएस) का माला पहनाकर स्वागत किया और 'भारत माता की जय', 'गाँधी जी की जय' का नारा ब्रिटिश राज को ही चौंका दिया था।उन्होंने बाद में नौकरी से भी इस्तीफा दे दिया था जबकि पदोन्नति तय थी। खैर अब प्रतिमा लोगों के लिये भी प्रेरणा का केंद्र निश्चित ही बनेगी।

### अमित कुमार को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक



छग कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अमित कुमार को उनकी विशिष्ट और अनुकरणीय सेवाओं के लिये केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति पुलिस पदक से किया सम्मानित किया। सम्मान समारोह 07 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित था।अमित कुमार ने अपने करियर में जिस निष्ठा, समर्पण से काम किया है, वह कानून व्यवस्था और सुरक्षातंत्र को मजबूत करने का उदाहरण है।अमित कुमार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में 12 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं, एसपी, डीआईजी, जेडी (पॉलिसी) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।सीबीआई के कार्यकाल को नीतिगत सुधारों और एजेंसी की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए याद किया जाता है।अमित ने नक्सल प्रभावित बस्तर और दुर्ग- रायपुर जैसे शहरी जिलों में कानून व्यवस्था को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाई। उनकी रणनीतिक सोच, नेतृत्व क्षमता ने न केवल नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद की,बल्कि शहरी क्षेत्रों में पुलिस को भी नई दिशा दी।वर्तमान में अमित कुमार छ्ग में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (इंटेलिजेंस) के पद पर कार्यरत हैं।जन वरी 2023 में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर नियुक्त किया गया था।

### पूर्व एसपीओ,10 वीं







### फेल है सुरेश चंद्राकर

छत्तीसगढ़ में बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या मामले में 4 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है,मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर,उसके भाई रितेश चंद्राकर ने मिलकर मुकेश की हत्या की है। 2005 में डॉ रमन सरकार ने सलवा जुडूम आंदोलन के खिलाफ बनाए गए स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) के तहत बस्तर के युवाओं की भर्ती की गई थी, सुरेश भी एसपीओ बना था,एसपीओ का काम पुलिस को सूचनाएं देने के साथ सहयोग करना था,इसके बाद सुरेश चंद्राकर ने ठेकेदारी का काम शुरू किया।सुरेश 10 वीं फेल है।स्थानीय पत्रकारों की माने तो बस्तर में ही पीडब्लूडी के सड़क,भवन आदि निर्माण का काम करता था,भ्रष्टाचार के जरिये कम समय में करोड़ो का एम्पायर खड़ा कर लिया। सुरेश ने अपनी बारात भी हेलीकॉप्टर से बस्तर लेकर गया था, जिसके बाद वह सुर्खियों में आया।अंधाधुंध पैसे कमाने के बाद सुरेश ने राजनीति में एंट्री ली।कांग्रेस की ओर से उसे महाराष्ट्र चुनाव में स्टार प्रचारक की श्रेणी में भेजा गया था।

### और अब बस

- » छत्तीसगढ़ में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सीएम विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया कि जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लाया जाएगा।
- » सांसद बृजमोहन अग्रवाल छ्ग की सीमेंट कंपनियां कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व सीएम विष्णु देव साय को पत्र लिखा है।









कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26